राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 03, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 21 जुलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

स्वाति मालीवाल ने पीएम मोदी और मणिपुर सीएम को चिट्ठी लिख सख्त कार्रवाई की मांग .... पेज 03

छह वर्ष में उत्तर प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए : योगी .... पेज 05

गोवा चैलेंजर्स ने रोका टेबल टॉपर यू मुंबा का विजय रथ, हरमीत और रीथ का शानदार प्रदर्शन .... पेज 07

## नगालैंड में एनसीपी के 7 विधायक अजित पवार गुट में शामिल

### प्रदेश अध्यक्ष वानथुंग ने दिल्ली आकर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को दी जानकारी



नई दिल्ली। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में टूट के बाद नगालैंड में एनसीपी के 7 विधायक अजित पवार गुट में चले गए हैं। एनसीपी अजित पवार गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रजमोहन श्रीवास्तव ने बताया कि नगालैंड के प्रदेश अध्यक्ष वानथुंग ओडियो ने दिल्ली आकर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और महाराष्ट्र अध्यक्ष सुनील तटकरे से भेंट की। उन्होंने नगालैंड एनसीपी के निर्णय की जानकारी दी। ओडियो ने 7 विधायकों सहित सभी पदाधिकारियों के समर्थन के शपथ पत्र भी सौंपे। पार्टी के राज्य में पदाधिकारी भी अजित पवार को समर्थन देंगे।

इस पर प्रफुल्ल पटेल ने आश्वासन दिया कि वे पार्टी को मजबूत करने प्रयासों में उनका साथ देंगे। पटेल ने नगालैंड की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला यूनिट को पहले जैसे कार्य करते रहने का निर्देश भी दिया है।

नगालैंड एनसीपी के ब्रजमोहन श्रीवास्तव ने एक प्रेस रिलीज में कहा- नगालैंड राष्ट्रवादी पार्टी की संपूर्ण प्रदेश कार्यकारिणी और जिलों के पदाधिकारियों ने गहन चर्चा के बाद यह फैसला लिया है कि वे एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के नेतृत्व में काम करेंगे।

नगालैंड एनसीपी ने अध्यक्ष वानथुंग ओडियो को इस फैसले से राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराने के लिए कहा गया था।

2 जुलाई को अजित पवार ने चाचा शरद पवार से बगावत कर दी थी। अजित आठ एनसीपी विधायकों के साथ शिवसेना (शिंदे गुट)-बीजेपी सरकार में शामिल हो गए थे। उन्हें डिप्टी सीएम बनाया गया है। अजित पवार के इस कदम से एनसीपीदो गुट में बंट गई। डिप्टी सीएम बनते ही अजित पवार ने पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने कहा कि एनसीपीपार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह हमारे पास ही रहेगा। अजित पवार ने इसके साथ ही शरद पवार के नगालैंड मॉडल पर रोशनी डाली थी। उन्होंने कहा कि पहले नगालैंड में एनसीपीके 7 विधायक थे और पार्टी के फैसले पर सभी विधायक बीजेपी के साथ चले गए।

## आईएसआईएस का आतंकी तमिलनाडु से गिरफ्तार

नई दिल्ली। आईएसआईएस के एक आतंकी को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को तमिलनाडु से अरेस्ट किया। एनआईए प्रवक्ता ने बताया कि ये केरल के धर्म स्थल और कुछ समुदायों के नेताओं पर हमले की प्लानिंग कर रहा था। एनआईए से इनपुट मिलने के बाद केरल में राज्य की पुलिस ने चार जगह छापामारी भी की। एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि आईएसआईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के लिए त्रिशूर में तीन और पलक्कड़ में एक जगह छापा मारा गया। मॉड्यूल के लोग टोही मिशन चला रहे थे और आतंकवादी हमलों की साजिश रच रहे थे। मंगलवार को एनआईए ने एक आरोपी आशिफ उर्फ मैथिल अकाथ कोदायिल अशरफ को ट्रैक किया और तमिलनाडु के सत्यमंगलम के पास उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन (19 जुलाई), आशिफ के साथ-साथ सैयद नबील अहमद, त्रिशूर के शियास टीएस और पलक्कड़ के रईस के घरों की तलाशी ली, यहां से डिजिटल डिवाइस और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

## जगुआर कार ने भीड़ को रौंदा, 9 की मौत

### 15 लोग घायल; ट्रक-थार की टक्कर के बाद भीड़ जमा हुई थी



अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में इस्कॉन ब्रिज पर बुधवार की देर रात एक जगुआर कार ने करीब 25 लोगों को रौंद दिया। 9 लोगों की मौत हो गई और 15 जख्मी हो गए। मरने वालों में एक पुलिस कॉन्स्टेबल और एक होमगॉर्ड जवान भी शामिल है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लोग 30 फीट दूर तक जा गिरे।

पुलिस के मुताबिक, ओवरब्रिज पर एक महिंद्रा थार कार एक डंपर से पीछे से टकरा गई। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा थी।

तभी राजपथ क्लब की ओर से 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही जगुआर ने भीड़ को कुचल दिया। मृतकों में बोटाद और सुरेंद्रनगर के युवक शामिल हैं।

### 6 की मौके पर ही मौत हो गई

ट्रैफिक विभाग के एसीपी एसजे मोदी ने दिव्य भास्कर को बताया कि इस घटना में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि अन्य को इलाज के लिए सोला सिविल ले जाया गया है। इस हादसे में जगुआर का ड्राइवर भी जख्मी हो गया।

उसे सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के बाद उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, जगुआर कार को तथ्य पटेल चला रहा था। उसकी उम्र लगभग 18-19 साल है। तथ्य के पिता प्रग्येश पटेल गैंगरेप के एक मामले में आरोपी रह चुके हैं। घटना के बाद से आरोपी ड्राइवर का पूरा परिवार गायब है।

### मृतकों के परिजनों को मिलेगा 4 लाख मुआवजा

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। घायल हुए लोगों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्य सरकार से किया जवाब तलब

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक वायरल वीडियो में दो महिलाओं के साथ छेड़छाड़ तथा उन्हें नग्न घुमाने की कथित हिंसाग्रस्त मणिपुर की घटना का गुरुवार को स्वत:संज्ञान लेकर केंद्र और राज्य सरकारों को जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मणिपुर सरकार और केंद्र सरकार से एक सप्ताह में यह बताने को कहा है कि विचलित करने वाली इस घटना के मामले में अब तक उसने क्या कार्रवाई की है। साथ ही, यह भी बताने को कहा कि भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए उसने क्या उठाया है। पीठ ने इस वीडियो में दिखने वाली घटना को बेहद परेशान करने वाला बताते हुए कहा कि सरकार यदि इस मामले कार्रवाई नहीं करेगी तो अदालत इसकी अनदेखी नहीं कर सकती।

## महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

### अब तक चार अरेस्ट; चुराचांदपुर में प्रदर्शन जारी



इंफाल। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में दो और आरोपी अरेस्ट किए गए हैं। गुरुवार रात तक चार आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा- सरकार अपराधियों के लिए मौत की सजा पर विचार कर रही है।

इससे पहले सुबह पहले एक आरोपी को सुबह और एक को शाम के वक्त गिरफ्तार किया गया था। यह घटना 4 मई को राजधानी इंफाल से लगभग 35 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले में हुई।

इसका वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके कुछ लोग ले जा रहे हैं। उनसे अश्लील हरकतें कर रहे हैं।

घटना के विरोध में गुरुवार सुबह मणिपुर के चुराचांदपुर में शुरू हुआ प्रदर्शन अब भी जारी है। हजारों लोग काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन कर रहे हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

महिलाओं को नग्न घुमाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वीडियो देखकर हम बहुत परेशान हुए हैं। हम सरकार को वक्त देते हैं कि वो कदम उठाए। अगर वहां कुछ नहीं हुआ तो हम कदम उठाएंगे।

वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि इस घटना ने 140 करोड़ भारतीयों को शर्मसार किया है। किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा।

मणिपुर पुलिस ने किडनैपिंग, गैंगरेप और हत्या का मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकियों की तलाश जारी है। मणिपुर सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा है कि हम सभी आरोपियों की मौत की सजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाएं : मल्लिकार्जुन खरगे



संसद के मॉनसून सत्र का पहला मणिपुर यौन हिंसा की घटना के चलते हंगामे की भेंट चढ़ गया। कांग्रेस प्रमुख और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को भाजपा शासित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मांग की। यह राज्य मई की शुरुआत से जातीय संघर्ष से जूझ रहा है। विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं ने खरगे के कक्ष में मुलाकात की, जिसके बाद एकजुट विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बयान की मांग की। खरगे ने कहा, मणिपुर जल रहा है। महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है, उन्हें नंगा घुमाया जा रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री चुप हैं। वह बाहर बयान दे रहे हैं।

### 'हिंसा तुरंत रोकें : राहुल



वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज संसद के बाहर प्रधानमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा प्रधानमंत्री, मुद्दा यह नहीं है कि यह देश के लिए शर्म की बात है। मुद्दा मणिपुर की महिलाओं को हुए अथाह दर्द और आघात का है। हिंसा तुरंत बंद करो।

### मानवाधिकार आयोग का नोटिस

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने भीड़ द्वारा एक परिवार के पांच सदस्यों को पुलिस हिरासत से ले जाने के मामले में मणिपुर सरकार को नोटिस भेजा है। एनएचआरसी इंडिया ने 4 मई 2023 को मणिपुर के कांगपोकपी जिले के बी फीनोम गांव में एक भीड़ द्वारा एक आदिवासी परिवार के पांच सदस्यों को पुलिस हिरासत से ले जाने की घटना में तत्काल हस्तक्षेप की मांग करने वाली शिकायतों का संज्ञान लिया है।

## बृजभूषण को शर्तों के साथ रेगुलर बेल मिली

### बिना परमिशन देश नहीं छोड़ सकेंगे, गवाहों को प्रभावित नहीं करने के निर्देश

एजेंसी



**पानीपत।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष भारत सांसद बृजभूषण शरण सिंह को नियमित जमानत दे दी है। कोर्ट ने कुश्ती महासंघ के सहायक सचिव विनोद तोमर सिंह को भी नियमित जमानत दे दी। कोर्ट ने दोनों को 25-25 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दी है। कागजातों की जांच के लिए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की गई है। बृजभूषण पर 6 बालिग महिला पहलवानों के यौन शोषण का केस चल रहा है। इस केस में पुलिस चार्जशीट पेश कर चुकी है।

कोर्ट ने बृजभूषण को जमानत देते हुए कई शर्तें लगाईं। कोर्ट ने कहा कि आरोपी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शिकायतकर्ताओं या गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगे। कोर्ट की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेंगे। सुनवाई के दौरान पीड़ितों के वकील ने जमानत दिए जाने को लेकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि सांसद राजनीतिक रूप से ताकतवर हैं और वह गवाहों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं लिहाजा उनको जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

## राजग साझीदारों के साथ दस बैठकें करेगी भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साझीदारों के साथ वैचारिक तालमेल बढ़ाने के उद्देश्य से लगभग दस बैठकों के आयोजन करेगी। संसद भवन परिसर में संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी के अध्यक्षता में एक बैठक में फैसला किया गया कि ये बैठकें 22 जुलाई से शुरू हो जाएंगी। आज की बैठक में भाजपा के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, अरुण सिंह एवं तरुण चुघ, सरोज पांडेय, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, डॉ. जितेन्द्र सिंह, अनुप्रिया पटेल, अर्जुनराम मेघवाल, सांसद राजू बिष्ट आदि मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी एवं भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में हाल ही में अशोक होटल में हुई राजग की बैठक में कुछ लोगों का विचार था कि राजग की बैठकें नियमित रूप से होनी चाहिए और आपसी तालमेल बेहतर होना चाहिए। प्रधानमंत्री एवं भाजपा अध्यक्ष ने इस पर सहमति जतायी थी। सूत्रों ने कहा कि तय किया गया कि अलग अलग साझीदारों के साथ छोटे आकार में ये बैठकें राजधानी में सरकारी भवनों जैसे हरियाणा भवन, मध्यप्रदेश भवन, असम भवन आदि में आयोजित की जाएंगी। इनमें केन्द्र की राजग सरकार के नौ साल की उपलब्धियों एवं योजनाओं के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन दिये जाएंगे और संवाद किया जाएगा।

## एनआईए ने कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी की

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को आतंकवादी साजिश मामले से संबंधित एक मामले में जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के रहने वाले दो ओवरग्राउंड वर्करों की गिरफ्तारी के छह दिन बाद यह छापेमारी की गई। अधिकारियों ने कहा कि एनआईए के अधिकारियों ने पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से आज सुबह दक्षिण कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की।

## कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके देश के सबसे अमीर विधायक

### 1,400 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति; दूसरे और तीसरे नंबर पर भी कर्नाटक के एमएलए

एजेंसी



नई दिल्ली। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार देश के सबसे अमीर विधायक हैं। उनके पास 1,400 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। दूसरे और तीसरे नंबर के सबसे धनी विधायक भी कर्नाटक के ही हैं।

दूसरे नंबर पर कर्नाटक के ही निर्दलीय विधायक केएच पुट्टास्वामी गौड़ा हैं। उनके पास 1,267 करोड़ रुपए की संपत्ति है। तीसरे नंबर पर कर्नाटक की ही कांग्रेस विधायक प्रिया कृष्णा हैं, जिनके पास 1,156 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी है। सबसे कम संपत्ति वाले विधायक पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायक निर्मल कुमार धारा हैं, जिनकी कुल घोषित संपत्ति सिर्फ 1,700 रुपए है।

उनके बाद ओडिशा से निर्दलीय विधायक मकरंदा मुदुली हैं, जिनकी संपत्ति 15,000 रुपए है।

फिर पंजाब से आम आदमी पार्टी के नरिंदर पाल सिंह सावना हैं, जिनकी संपत्ति 18,370 रुपए है। यह आंकड़े एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक की रिपोर्ट ने जारी किए हैं।

सबसे अमीर विधायकों में से चार कांग्रेस के हैं और तीन भाजपा के हैं। देश के 20 सबसे अमीर विधायकों में से 12 कर्नाटक से हैं। अरुणाचल प्रदेश के 59 में से 4 विधायक अरबपति हैं।

कांग्रेस के विधायक रिजवान अरशद ने कहा- डीके शिवकुमार व्यवसायी हैं। और इसमें गलत क्या है? भाजपा विधायकों को भी देखें, खासकर खनन घोटालों के आरोपियों को।

### सबसे अमीर नहीं, पर गरीब भी नहीं हूं : डीके

अपनी संपत्ति के बारे में पूछे जाने पर डीके शिवकुमार ने कहा- मैं सबसे अमीर नहीं हूं, लेकिन गरीब भी नहीं हूं। ये ऐसी संपत्तियां हैं जो मैंने लंबी अवधि में हासिल की हैं।

हादसा

### मरने वालों में 2 सगे भाई और भाई-बहन, खेतों में खोदी गई थी मिट्टी, सीएम ने जताया दुख

## हरदोई : गड्ढे में भरे पानी में डूबे चार बच्चे, शव बरामद



हरदोई। हरदोई के पचदेवरा थाना क्षेत्र के गांव में गड्ढे में भरे पानी में 4 बच्चे डूब गए। घटना से गांव सहित आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने 3 बच्चों के शव बरामद कर लिए हैं। 1 बच्ची का शव काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने बरामद कर लिया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घटना पर सीएम ने दुख जताया है।

पचदेवरा थाना क्षेत्र के कुरारी के रहने वाले सगीर अहमद ने बताया कि गांव के पास खेतों से मिट्टी की खुदाई की गई थी, जिसके चलते बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में बारिश का पानी भी भर गया है। गुरुवार को कुरारी गांव के 4 बच्चे उधर से निकल रहे थे, जो कि इन गहरे गड्ढों में भरे पानी में डूब गए।

### कई अधिकारी मौके पर पहुंचे

मैकेपुर के रहने वाले शब्बीर अली के दो बेटे सद्दाम(14) और अमजद (11) और गांव के ही शौकीन अली की बेटी खुशनुमा (12) और बेटा मुस्तकीम (10) घर से बकरी चराने के लिए निकले थे। आगे कुछ ही दूरी पर गड्?ढों के पास एक बच्चे का पैर फिसल गया। इसके बाद एक-एक करके चारो बच्चे गड्?ढे में चले गए। आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ वहां लग गई। आनन-फानन में उन्होंने डूबे हुए बच्चों को निकालने की कोशिश की। ग्रामीणों ने कुछ देर बाद ही सद्दाम, अजमत और मुस्तकीम के शव बरामद कर लिए, जबकि खुशनुमा का शव काफी देर बाद मिला। घटना की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी और सीओ हेमंत उपाध्याय सहित कई आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। सगीर अहमद ने बताया कि सभी बच्चे एक साथ गांव बाहर बकरी चराने के लिए आए हुए थे, जो गड्ढे में भरे पानी में डूब गए। घटना से लोगों में आक्रोश है।

### सीएम ने जताया दुख

गड्ढे में डूबकर 4 बच्चों की मौत होने पर सीएम ने दुख जताया है, साथ ही पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिए जाने की बात कही है। सीएम के ऑफीशियल अकाउंट से ट्वीट किया गया है, जिसमें पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई है।

## रायगढ़ भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हुई, कई अन्य घायल

एजेंसी



मुंबई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फणनवीस ने कहा कि राज्य के रायगढ़ जिले में हुए भूस्खलन में अब तक 16 लोगों की जान जा चुकी है और 21 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

फणनवीस ने इरशावाड़ी गांव में हुए भूस्खलन की घटना को लेकर दुख जताया। उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज सुबह दुर्घटनास्थल का दौरा किया और अपने चार अन्य मंत्री सहयोगियों के साथ बचाव कार्य का निरीक्षण किया। श्री शिंदे ने वहां बचाव कार्यों में शामिल राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों की टीमों के साथ समन्वय किया।

रायगढ़ में भूस्खलन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य के मुख्यमंत्री शिंदे से बात की।

शाह ने ट्वीट किया, मैंने महाराष्ट्र के रायगढ़ में भारी बारिश के कारण भूस्खलन की घटनाओं के बारे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से बात की। एनडीआरएफ की चार टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर बचाव अभियान जारी हैं।

रायगढ़ पुलिस नियंत्रण ने कहा कि बचाव दल ने कई लोगों को मलबे से बाहर निकालकर उनकी जान बचाई, लेकिन कुछ नागरिक अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं और उन्हें बचाने का प्रयास जारी हैं।

गौरवशाली भारत

2

राज्यों से

नई दिल्ली
शुक्रवार 21 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## मणिपुर में महिलाओं के साथ यौन हिंसा की निंदा की ईरानी ने



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने मणिपुर में दो महिलाओं के साथ यौन हिंसा की कड़ी निंदा की है और इन्हें अमानवीय बताया है। ईरानी ने बुधवार देर रात एक ट्वीट में कहा कि मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हिंसा के वीडियो सामने आए हैं। यह निंदनीय और अमानवीय हैं। केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट ने बताया है कि उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री ए. बीरेन सिंह से बात की है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पूरी कार्रवाई करने और दोषियों को सजा देने का आश्वासन दिया है।

## शार्ट न्यूज

### भूमि अतिक्रमण मामला: सीबीके ने दायर किया आरोप पत्र

**श्रीनगर।** कश्मीर अपराध शाखा (सीबीके) की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने प्रदेश के बारामूला जिले में 25 कनाल सरकारी भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामले में तीन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। ईओडब्ल्यू ने एक बयान में बताया कि उसने पी/एस अपराध शाखा कश्मीर में आरपीसी की धारा 420, 447-ए और 120-बी के तहत दर्ज प्राथमिकी के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तंगमर्ग की अदालत में आरोप पत्र दायर किया है। यह आरोप पत्र बारामूला जिले के कुंजर, धोबीवान में स्थित सरकारी जमीन के अवैध अतिक्रमण में कथित संलिप्तता के लिए तीन लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है। बयान में बताया गया कि अपराध शाखा कश्मीर को एक शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि श्रीनगर के बघाट-बरजुल्ला निवासी मोहम्मद नजीब गोनी ने उसान बांगिल, करहामा के गुलाम मोहम्मद भट और मोहम्मद अशरफ वानी सहित कुछ स्थानीय भूमि दलालों के साथ मिलकर काम किया था। इन लोगों ने बारामूला जिले के उटीकू, करहामा ने बारामूला जिले के धोबीवान, कुंजर गांव में स्थित लगभग 25 नहरों की राज्य भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया है और उक्त भूमि पर साइनबोर्ड और पत्थर के ब्लॉक भी लगाए है।

### बी आर शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के राज्य चुनाव आयुक्त के रूप में शपथ ली

श्रीनगर। श्री ब्रज राज शर्मा केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए नये राज्य चुनाव आयुक्त (एसईसी) के रूप में ने गुरुवार को शपथ ली। यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शर्मा को पद की शपथ दिलाई। शर्मा 1984 बैच के आईएएस अधिकारी है और 2015 से 2017 तक पूर्ववर्ती राज्य जम्मू और कश्मीर के मुख्य सचिव के रूप में कार्य किया है। शर्मा ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय (एमएचए) में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य किया है। श्री शर्मा के पूर्ववर्ती के के शर्मा ने एक फरवरी, 2023 को एसईसी के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया। उपराज्यपाल ने 15 जुलाई को राज्य चुनाव आयुक्त के रूप में शर्मा की नियुक्ति के आदेश जारी किए थे। आदेश में कहा गया है, जम्मू-कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989 की धारा 36 की उप-धारा (3) के प्रावधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपराज्यपाल ब्रज राज शर्मा, आईएएस (सेवानिवृत्त) को जम्मू और कश्मीर के लिए राज्य चुनाव आयुक्त नियुक्त करते हुए प्रसन्न हैं। इसमें कहा गया है कि शर्मा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इस पद पर रहेंगे।

### झील के पानी की सीलन से तीन मकान ढहे

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के ऐतिहासिक आनासागर झील से छोड़े जा रहे पानी की लगातार सीलन से आज सुन्दरविलास क्षेत्र में तीन मकान भरभरा कर धराशायी हो गये। गनीमत ये रही की कोई जनहानि नहीं हुई। अजमेर नगर निगम की क्षेत्रीय पार्षद अनीता चौरसिया ने क्लक्टर तथा नगर निगम आयुक्त पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि इन जरजर मकानों की शिकायत वे पिछले छह महिने से कर रही है ,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। मकान गिरने की सूचना पर दलबल के साथ मौके पर पहुंची निगम आयुक्त दिव्या चौधरी ने पोकलेन मशीन एवं जेसीबी को बुलवाकर मलबे को हटाने का काम शुरू किया। उन्होंने बताया कि शहर में तूफानी बरसात होने के बाद से शहर के जर्जर मकानों पर निगरानी रखने के साथ निगम की ओर से मकान मालिकों को चेतावनी दी गई। आज हुए हादसे के बाद निगम का दल मौके पर रहकर क्षेत्र के अन्य जर्जर मकान को खाली कराने का काम करेगा। उन्होंने बताया कि आनासागर एस्केप चौनल से पानी निकासी के काम को भी रुकवा दिया गया है। अजमेर के ही कायस्थ मौहल्ले में भी एक अन्य मकान धराशायी हुआ है। यहां भी कोई जनहानि नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि अजमेर के लाखनकोटड़ी, सरावगी मौहल्ला, कायस्थ मौहल्ला, पुरानी मंडी और दरगाह क्षेत्र में अनेक जर्जर मकान हैं और कभी भी गिर सकते है। निगम प्रशासन हर साल सार्वजनिक सूचना के जरिये चेतावनी दे चुप रहता आया है।

### भाजपा ने गांधी भवन पर किया धरना प्रदर्शन

अजमेर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अजमेर शहर की ओर से राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ आज गांधी भवन पर धरना प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार के प्रति आक्रोशित भाजपाईयों ने सरकार विरोधी नारे लगाकर रोष का इजहार किया। पूर्व मंत्री एवं विधायक वासूदेव देवनानी ने सरकार को महाभ्रष्टाचारी, युवा विरोधी तथा अकर्मण्यता से लबरेज सरकार करार दिया और कहा कि आने वाले चुनाव में जनता अपने आप सबक सिखा देगी। शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा का भाजपा ने भ्रष्टाचार और पेपरलीक जैसी गम्भीर मसले को भरपूर तरीके से उठाया, जिससे सरकार बौखला गई। भाजपा का राजस्थान लोकसेवा आयोग पर महाघेराव प्रशासन एवं पुलिस की जानकारी में लाकर किया गया। बावजूद इसके युवाओं पर लाठीचार्ज कर दमनकारी तरीका अपनाया गया। जिन वादों के दम पर कांग्रेस सरकार में आई , वह एक भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के साथ कांग्रेसराज में छलावा हुआ है, जिससे जनता त्रस्त है। भाजपा जनता के साथ है और जबतक कांग्रेस को सत्ता से हटा नहीं देते, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

### नंदी महाराज की हत्या के विरोध में बारां बंद

बारां। श्रीखंडेलवाल दिगंबर जैन समाज द्वारा राजस्थान बंद के आह्वान पर गुरुवार को बारां बंद ऐतिहासिक सफल रहा। व्यापार महासंघ समेत अन्य संगठनों ने भी बंद का समर्थन किया था। बंद के दौरान शहर के तमाम बाजार यहां तक कि पेट्रोल पंप दी बंद थे। आवश्यक सेवाओं में शामिल मेडिकल खुले रहे। बंद के चलते पुलिस प्रशासन ने भी एहतियातन पुलिस का माकूल इंतजाम किया हुआ था। लोग चाय पानी से लेकर कचोरी समोसा के लिए भी तरस गए। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ललितमोहन खंडेलवाल, संरक्षक देवकीनंदन बंसल, कार्यकारी अध्यक्ष योगेश कुमरा ने दावा करते बताया कि कर्नाटक में दिगंबर जैन मुनि आचार्य 108 श्रीकाम कुमार की निर्मम हत्या से अहिंसा प्रेमी जैन समाज स्तब्ध है। पूरे राष्ट्र में रोष व्याप्त है। इस हत्या के विरोध में एवं हत्यारों को गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलाने तथा जैन समाज एवं अन्य समाजों के आजीवन पैदल विहार करने वाले संतों की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने की मांग के साथ बन्द का आह्वान किया था।

### अब सभी टॉपर बच्चों को स्कूटी, सीबीएसई टॉपर बच्चों को भी मिलेगा लैपटॉप : शिवराज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) टॉपर बच्चों को भी अगले साल से लैपटॉप दिया जाएगा और सभी टॉपर बच्चों को स्कूटी दी जाएगी। चौहान यहां आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार भी उपस्थित थे। समारोह के दौरान श्री चौहान ने प्रदेश के 78 हजार 641 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि उनके खातों में अंतरण की। समारोह को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि जब वे मुख्यमंत्री बने तो मध्यप्रदेश में केवल पांच मेडिकल कॉलेज थे। अब मेडिकल कॉलेज की संख्या 25 कर दी गई है ताकि बच्चों को डॉक्टर बनने का मौका मिल सके। उन्होंने बच्चियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले दूसरे गांव में 8वीं के बाद बेटियां पढ़ने नहीं जाती थीं, क्योंकि दूसरे गांव जाना हो तो मम्मी-पापा पैदल नहीं जाने देते थे, इसलिए मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने फैसला किया कि दूसरे गांव अगर बेटियां पढ़ने जाएंगी तो उन्हें साइकिल दी जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने घोषणा की कि अगले साल से सभी टॉपर बच्चों को स्कूटी दी जाएगी। लैपटॉप देने वाली योजना एमपी बोर्ड के साथ ही सीबीएसई बोर्ड में भी लागू होगी।



# रेलवे सिर्फ स्टेशन नहीं, सही जगह तक पहुंचने में मदद करेगी

### 725 स्टेशनों को उनके संपर्क वाले 175 शहरों एवं क्षेत्रों के नाम के साथ मैप किया गया

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल में देश के सवा सात सौ स्टेशनों के साथ उनसे संपर्क वाले पौने दो सौ स्थानों की मैपिंग की है ताकि आम तौर पर अलग - अलग जगहों के नाम के आधार पर खोजने पर उनके लिए उचित गाड़ी एवं स्टेशन चुनना आसान हो।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आमतौर पर किसी बड़े शहर या लोकप्रिय गंतव्य के लिए एक से अधिक स्टेशन होते हैं और उनके लिए अलग - अलग गाड़ियां उपलब्ध होतीं हैं। कई बार दूर- दराज के यात्रियों को मुख्य स्टेशन के अलावा आसपास के संपर्क वाले स्टेशनों की जानकारी नहीं होती है और यदि वे डिजिटल प्लेटफार्म पर शहर का नाम खोजते हैं तो उन्हें सभी स्टेशनों की जानकारी नहीं हो पाती है।

सूत्रों ने कहा कि यात्रियों की इस समस्या को जानकर अब 725 स्टेशनों को उनके संपर्क वाले 175 शहरों एवं क्षेत्रों के नाम के साथ मैप किया गया है। यदि यात्री मोबाइल ऐप या आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर लोकप्रिय नाम खोजने पर उसके संपर्क वाले स्टेशन एवं वहां जाने वाली गाड़ियों को दिखाएगा।

### एनआईए ने कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी की

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को आतंकवादी साजिश मामले से संबंधित एक मामले में जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के रहने वाले दो ओवरग्राउंड वर्करों की गिरफ्तारी के छह दिन बाद यह छापेमारी की गई। अधिकारियों ने कहा कि एनआईए के अधिकारियों ने पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से आज सुबह दक्षिण कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह तलाशी 21 जून 2022 को एनआईए द्वारा दर्ज एक मामले में की गई थी।

## अमरनाथ यात्रा : जम्मू आधार शिविर से 6523 श्रद्धालु रवाना

**जम्मू।** जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से गुरुवार को बम- बम भोले के उद्घोष के साथ से कम 6523 श्रद्धालु बम-बम भोले के जयकारे के दक्षिण कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए।

एक अधिकारी ने कहा कि 6523 तीर्थयात्रियों का एक जत्था 262 वाहनों के काफिले के साथ आधार शिविर से रवाना हुआ।

इसके अलावा 2995 पुरुष , 665 महिलाएं, दो बच्चे , 75 साधु और नौ साध्वियों के साथ 3746 तीर्थयात्रियों का एक समूह 167 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुआ। बालटाल के लिए 2777 तीर्थयात्री



कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 97 वाहनों के काफिले में रवाना हुए, जिनमें 1750 पुरुष, 1020 महिलाएं, एक बच्चा और छह साधु शामिल थे। गौरतलब है कि श्री अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरू हुई है, जिसका 31 अगस्त को समापन होगा।

### ओडिशा में निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोपी अतिरिक्त निदेशक गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में एक रियल एस्टेट कंपनी के अतिरिक्त निदेशक को गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी संतोष कुमार रथ, एक रियल एस्टेट कंपनी मेसर्स मिश्रा क्रिएशन्स प्राइवेट लिमिटेड का अतिरिक्त निदेशक है। उसे निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसे कटक के तहत नामित न्यायालय में पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चंदका में प्रोजेक्ट 'यूटोपिया' में फ्लैट देने के नाम पर धोखाधड़ी को लेकर स्वदेश रे चौधरी की लिखित शिकायत के आधार पर रियल एस्टेट कंपनी के प्रबंध निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। स्वदेश ने 2016 में इस प्रोजेक्ट में एक फ्लैट बुक किया और रियल एस्टेट कंपनी को 16 लाख रुपये का अग्रिम रूप में भुगतान किया थे। समझौते के मुताबिक, 30 महीने के अंदर उन्हें फ्लैट सौंपना था, लेकिन न तो उन्हें फ्लैट दिया गया और न ही रियल एस्टेट कंपनी ने निवेश की गई रकम लौटाई। उन्होंने एमडी ज्योति रंजन मिश्रा के साथ मिलकर प्रोजेक्ट 'यूटोपिया' में फ्लैट उपलब्ध कराने के लिए 130 से अधिक निवेशकों से 15 करोड़ रुपये से अधिक एकत्र किए हैं। फ्लैट की कुल कीमत का करीब 95 फीसदी हिस्सा लेने के बाद रियल एस्टेट कंपनी ने निवेशकों को फ्लैट नहीं दिए।

## हिमाचल में एक एनएच सहित 735 सड़के अवरूद्ध

शिमला। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण एक राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 735 सड़कें, 224 पेयजल योजनाएं और 990 बिजली ट्रांसफार्मर बंद हैं।

बुधवार को चंबा, कांगड़ा और मंडी जिले के कई क्षेत्रों में बादल झमाझम बरसे। प्रदेश के कई क्षेत्रों में 20 से 23 जुलाई तक भारी बारिश का 'येलो अलर्ट' जारी हुआ है। आगामी 25 जुलाई तक प्रदेश में मौसम खराब बना रहने के आसार हैं।

शिमला के ठियोग से सटे शिलारू के पास भूस्खलन और पत्थर गिरने से शिमला-रामपुर नेशनल हाईवे ठप हो गया। राजधानी से ऊपरी शिमला को जाने वाली गाड़ियों को बसंतपुर और मतियाना होकर भेजा जा रहा है। बुधवार देर शाम तक नेशनल हाईवे ठप रहा। बुधवार को राजधानी शिमला में दिनभर बूंदाबांदी जारी रही। भारी बारिश के चलते कुमारसेन उपमंडल में 22 जुलाई तक स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं।



सिरमौर में मूसलाधार बारिश फसलों के साथ किसानों की उपजाऊ जमीन बर्बाद हो गई है। जिले में बारिश के बीच सात कच्चे व पक्के मकान ढह गए हैं। नाहन के बनकला व जमटा, रेणुकाजी के रजाना व लानाचेता और शिलाई में मकान क्षतिग्रस्त होने से लोग बेघर हो गए हैं। जिला बिलासपुर में बारिश के बीच दो कच्चे मकानों और तीन गोशालाओं को नुकसान पहुंचा है।

उपमंडल चौपाल की पंचायत मकडोग के अंतर्गत सिहाणा गांव में ढांक से पत्थर गिरने से एक घर नष्ट हो गया। रामपुर खंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल उन्नू महादेव में रात को भूस्खलन होने के कारण मंदिर की सराय को काफी नुकसान पहुंचा है। मंदिर की सराय के अंदर सो रहे मंदिर के पुजारी और सेवक की जान बाल-बाल बची।

पौंग बांध से छोड़े गए पानी के चलते ब्यास में बढ़े जलस्तर के कारण मंड-बड़ूखर के फंसे चार लोगों सहित आठ भेड़-बकरियों को बचाया गया है। खराब मौसम के चलते गगल हवाई अड्डे पर छह विमान सेवाएं रद्द हो गई हैं। पौंग बांध में जलस्तर बढ़ने से भोगरवां-मंड क्षेत्र को जोड़ने वाला ख्वाजी पुल भी ढ़ह गया है।

चंबा में रोजी-रोटी कमाने के लिए काम पर जा रहे दो लोग पहाड़ी से गिरे पत्थरों की चपेट में आने से चोटिल हो गए।

## केटीआर ने मोदी, शाह से मणिपुर को बचाने का किया आग्रह

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव (केटीआर) ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से 'मणिपुर को बचाने' का आग्रह किया।

मणिपुर में कुकी महिलाओं को भीड़ द्वारा जघन्य हिंसा का शिकार बनाने की दुखद घटना पर अपनी गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त करते हुए केटीआर ने श्री मोदी और शाह से आग्रह किया तथा हस्तक्षेप कर 'मणिपुर को बचाने' का आग्रह किया। केटीआर ने मणिपुर में



दुखद घटना पर अपनी गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त की, जहां कुकी महिलाओं को भीड़ द्वारा हिंसा के जघन्य कृत्यों का शिकार बनाया गया है। उन्होंने इस मुद्दे के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि कुकी महिलाओं पर हमले और अपमान से जुड़ी घटना बहुत चिंताजनक है कि किसी भी सभ्य समाज में हिंसा के ऐसे कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

केटीआर ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से इस गंभीर मामले को प्राथमिकता देने और मणिपुर में शांति एवं व्यवस्था बहाल करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की चुप्पी ने प्रभावित समुदाय और नागरिकों की परेशानी का बढ़ा दिया है।

मंत्री ने कहा, भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ खड़े होना और सभी व्यक्तियों की गरिमा और सुरक्षा की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, चाहे उनका क्षेत्र या समुदाय कुछ भी हो।

### जगन्नाथ मंदिर के सभी द्वार खोलने की मांग

**पुरी।** ओड़िशा के पुरी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय विधायक जयंत कुमार सारंगी ने बुधवार को प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के कोरोना महामारी के दौरान बंद किए गए द्वार नहीं खोलने पर मंदिर और जिला प्रशासन की आलोचना की। सारंगी ने यहां एक प्रेस वार्ता में कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को उठाया था और कलेक्टर और मंदिर प्रशासन के साथ कई बार चर्चा की, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि केवल सिंहद्वार के माध्यम से प्रवेश ने स्थानीय श्रद्धालुओं को मुश्किल स्थिति में डाल दिया। उन्होंने कहा, श्रद्धालु सिंहद्वार के माध्यम से मंदिर में प्रवेश करने के लिए गर्मी के मौसम में लंबी कतार में घंटों खड़े रहते हैं। उन्होंने धमकी दी कि अगर प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के सभी द्वार नहीं खोले तो भाजपा उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा राज्य विधानसभा के आगामी सत्र में भी उठाया जायेगा। जिला कलेक्टर समर्थ वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें श्रद्धालुओं के लिए सभी द्वार खोलने के लिए कई अपीलें मिली हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले पर राज्य सरकार से चर्चा के बाद निर्णय लिया जायेगा।

### धामी ने चमोली दुर्घटना में जान गंवाने वाले होमगार्ड जवानों को दी श्रद्धांजलि

चमोली/देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

धामी गुरुवार को चमोली पहुंचे। चमोली हादसे में हताहत लोगों के परिजनों से मिलकर मुख्यमंत्री काफी भावुक नजर आए। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

पुलिस मैदान गोपेश्वर में मुख्यमंत्री ने चमोली हादसे में हताहत होमगार्ड के तीनों जवानों के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये बहुत हृदयविदारक घटना है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इस घटना में जो हताहत हुए हैं उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

राज्य सरकार की तरफ से पीड़ितों के परिजनों को सहायता, घायलों के इलाज आदि से संबंधित सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

### विपक्ष की पार्टियों के एक मंच पर आना देशहित के लिए शुभ संकेत : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश में विपक्ष की पार्टियों के एक मंच पर आने पर खुशी जताते हुए कहा है कि यह देश हित के लिए एक शुभ संकेत है। गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि अब विपक्ष की पार्टियों का एक मंच पर आना संभव हुआ जो देशहित के लिए एक शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लोकतंत्र बचाने एवं संविधान को मजूबत करने के उद्देश्य से बना यह गठबंधन देश के भविष्य की बेहतरी के लिए एक बड़ा कदम साबित होगा।

## महिलाओं के खिलाफ अपराध के लिए सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन : बीरेन

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने चार मई को राज्य में दो महिलाओं के साथ बर्बरता करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को आश्वासन दिया है। इस घटना का वीडियो बुधवार को वायरल हुआ था। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सभी अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें मृत्युदंड पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा, उन दो महिलाओं के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं जिनके साथ बेहद अपमानजनक और अमानवीय कृत्य किया गया है। बुधवार को वायरल



वीडियो को देखकर व्यथित हो गया हूँ। वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद घटना का स्वत: संज्ञान लेते हुए मणिपुर पुलिस कार्रवाई में जुट गई और कल सुबह इस संबंध में पहली गिरफ्तारी हुई है। बीरेन ने कहा, फिलहाल गहन जांच चल रही है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, जिसमें मृत्युदंड देने पर भी विचार किया जाए। स्मरण रहे, हमारे समाज में इस तरह के जघन्य कृत्यों करने वालों के लिस समाज में कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री ने इस मामले पर आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य केंद्रीय नेताओं से भी चर्चा की। गौरतलब है कि मणिपुर संकट पिछले तीन मई को चुराचांदपुर जिले में शुरू हुआ और यह हिंसा तेजी से अन्य स्थानों पर फैल गया और चार मई को राज्य में बड़े पैमाने पर आगजनी और हत्याएं हुईं।

## नीतीश एवं तेजस्वी का मुकदमा एमपी एमएलए कोर्ट को सुपुर्द

पटना। पटना के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव समेत छह लोगों के खिलाफ हत्या एवं हत्या के प्रयास एवं अन्य आरोपों में दाखिल शिकायती मुकदमे को सुनवाई के लिए सांसदों एवं विधायकों की विशेष अदालत को सौंप दिया।

प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन झा की अदालत ने यह आदेश मुकदमे में सुनवाई के दौरान दिया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में यह शिकायती मुकदमा संख्या 6398/2023 भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कथित सक्रिय सदस्य गांधी मैदान थाना क्षेत्र स्थित सालिमपुर अहरा गली के निवासी कृष्ण कुमार सिंह उर्फ कल्लू ने भारतीय दंड विधान की धारा 323, 341, 307, 302, 120 बी, 504, 506, 354 और 34 के आरोपों के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, गांधी मैदान थाना अध्यक्ष अरुण कुमार, पुलिस उपाधीक्षक सदर पटना अशोक कुमार सिंह एवं अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ दायर किया था। अदालत ने मुकदमे में सुनवाई के लिए अगली तारीख 28 जुलाई 2023 की निश्चित की है। दाखिल किए गए शिकायती मुकदमे के अनुसार, एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत सभी अभियुक्तों ने मिलकर भाजपा के आयोजित गांधी मैदान से विधानसभा मार्च के दौरान डाकबंगला चौराहे पर भाजपा के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की और इस घटना में पार्टी के जहानाबाद के महामंत्री विजय कुमार सिंह की मृत्यु हो गई। शिकायतकर्ता ने इस लाठीचार्ज में स्वयं भी घायल हो जाने का दावा किया है।



## मणिपुर की बर्बर घटना राष्ट्र की चेतना पर बहुत बड़ा धब्बा : मान

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को मणिपुर में दो महिलाओं पर यौन उत्पीड़न और उनके साथ किये गये क्रूर कृत्य पर गहरा सदमा और दुख व्यक्त किया। मान ने इस जघन्य अपराध के आरोपियों को अनुकरणीय सजा सुनिश्चित करने की भी मणिपुर अपील की है। मुख्यमंत्री ने यहां जारी बयान में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि असहाय महिलाएं इस जघन्य अपराध का शिकार हुईं। उन्होंने कहा कि यह बर्बर घटना देश की अंतरात्मा पर एक बड़ा धब्बा है और इस घटना की सभी को निंदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य है, जिससे आज हर देशवासी शर्मसार हो रहा है। दोषियों के लिए कड़ी सजा की वकालत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अपराधी नरमी के पात्र नहीं हैं और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देकर देश के कानून के अनुसार निपटा जाना चाहिए।

### जलप्रपातों में जाना आमजन के लिए प्रतिबंधित

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी के कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रविंद्र कुमार चौधरी ने वर्षा काल में आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी जलभराव वाले स्थानों जलप्रपात नदी तालाब नहर आदि पर जाना आज तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिला कलेक्टर चौधरी द्वारा इस वर्ष जिले में हो रही अच्छी वर्षा को देखते हुए जिले के सभी जलभराव वाले स्थानों नदी तालाब झरने आदि पर आमजन का जाना धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किए जाने का आदेश दिया है। इससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके और आमजन सुरक्षित रहें। सूत्रों ने बताया कि आदेश का उल्लंघन करने पर कार्यवाही किए जाने का प्रावधान भी है। शिवपुरी जिले में भदैया कुंड टुंडा भरका एवं सुलतानगढ़ जैसे प्रसिद्ध जलप्रपात हैं।

## पटवारी भर्ती परीक्षा की सेवानिवृत न्यायाधीश से जांच

एजेंसी

भोपाल। मध्यप्रदेश में पिछले दिनों विवादों के घेरे में आई पटवारी भर्ती परीक्षा के संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मामले में सेवानिवृत न्यायाधीश से जांच कराए जाने की जानकारी दी है।

चौहान ने कल देर रात अपने ट्वीट में इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से आयोजित ग्रुप-2, सब ग्रुप-4 और पटवारी भर्ती परीक्षा की जांच के लिये माननीय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधिपति राजेन्द्र कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया है। जांच में उक्त परीक्षा से संबंधित शिकायतों एवं जांच के दौरान उद्भूत अन्य प्रासंगिक बिंदुओं पर भी जांच की जायेगी। जांच के निष्कर्षों के आधार पर यथोचित अनुशंसायें 31 अगस्त 2023 तक राज्य शासन को प्रस्तुत होंगी।

इस परीक्षा का पिछली 30 जून को परिणाम घोषित हुआ था। परीक्षा परिणाम में ग्वालियर के एक कॉलेज के परिणाम संदेह के घेरे में आने से इस पर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन और विवाद शुरु हो गया था। विवादों को देखते हुए श्री चौहान ने पिछले सप्ताह इस परीक्षा से होने वाली भर्तियों पर रोक लगा दी थी। इसके बाद अब उन्होंने इसकी जांच कराए जाने की घोषणा की है।

ग्वालियर के जिस कॉलेज का परीक्षा परिणाम संदेह के घेरे में है, वह बहुजन समाज पार्टी के विधायक संजीव कुशवाह का है। श्री कुशवाह लंबे समय से लगातार भारतीय जनता पार्टी के संपर्क में हैं। परीक्षा की प्रावीण्य सूची में इस कॉलेज से परीक्षा देने वाले कई अभ्यर्थी शामिल हैं।

# अहंकार का स्वरूप नहीं भारत का नेतृत्व मॉडल : बी.आर. शंकरानंद

## 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने में डीयू विद्यार्थियों का होगा अहम योगदान: प्रो. योगेश सिंह

नई दिल्ली। भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी.आर. शंकरानंद ने कहा कि भारत का नेतृत्व मॉडल अहंकार का स्वरूप नहीं बल्कि विश्व गुरु का है। शंकरानंद दिल्ली विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा शुरू किए गए एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) नामक नए प्रोग्राम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने में दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का अहम योगदान होगा। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के इंटरनेशनल बिजनेस (आईबी), ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट (एचआरडी) और बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) के नए दाखिल हुए एमबीए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

बी.आर. शंकरानंद ने एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) प्रोग्राम के शुभारंभ को लेकर कहा कि इस प्रोग्राम के शुरू करने में नेतृत्व का अहम योगदान है। उन्होने दिल्ली विश्वविद्यालय में नए कामों की शुरुआत को लेकर कुलपति प्रो. योगेश सिंह के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि जब ऐसा नेतृत्व होता है तो विकास ही होता है और अनहोनी घटनाओं की संभावना बहुत कम होती है। शंकरानंद ने कहा कि प्रसंसा में दिखावा होता है जबकि सराहना से विनम्रता बढ़ती है। उन्होने भारतीय संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि आज हम दुनिया को नेतृत्व देने की अवस्था




में पहुँच गए हैं। विद्यार्थियों को इस बात का भान होना चाहिए। भारत को भारतीय रूप में दुनिया के सामने लाने के लिये भी नेतृत्व बहुत महत्वपूर्ण है। शंकरानंद ने कहा कि आज के समय में भारत का नेतृत्व दुनिया को चमकने वाला है।

शंकरानंद ने कहा कि दुनिया के सामने सस्टेनेबल मॉडल भारत ने ही रखा था। दुनिया का 30त्न व्यापार भारत के पास था, लेकिन लंबी परतंत्रता के बाद हम आत्म विस्मृत हो गए। आज फिर उत्थान का समय है। दुनिया को नेतृत्व देने का समय है। उन्होंने कहा कि हर देश का प्राण होता है और भारत का प्राण अध्यात्म है। अध्यात्म के बिना भारत केवल शव है। शिव बनने के लिए अध्यात्म चाहिए। अध्यात्म का मूर्त रूप संस्कृति है। भारत में विदेशी मॉल कल्चर को लेकर चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि देश से मॉल को निकाल कर नहीं फेंक सकते। मॉल में भारतीय संस्कृति कैसे आए इस पर काम करना है। उन्होंने कहा कि व्यापार में संस्कृति होनी चाहिये।

अध्यात्म के बिना बिजनेस मॉडल विनाश की ओर ले जाते हैं। अगर संगठन में आपसी संबंध पारिवारिक नहीं होते तो कोई भी बिजनेस या देश आगे नहीं बढ़ सकता। शंकरानंद ने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले 25 वर्षों में भारत विकसित राष्ट्र होगा और आप सबका भी यही संकल्प होना चाहिये। आने वाले 25 वर्षों में हमें श्रेष्ठ भारतीय नेतृत्व देते हुए इस सपने को साकार करना है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र होगा। इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय और इसके विद्यार्थियों की अहम भूमिका होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए कहा कि उस समय तक या तो आप लोग नेतृत्व की स्थिति में होंगे या फिर बहुत ही महत्वपूर्ण पदों पर होंगे। ऐसे में यह नया प्रोग्राम, एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स), एक बहुत ही प्रासंगिक प्रोग्राम है। कुलपति ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनने के लिये हमारी प्रति व्यक्ति आय वर्तमान से छ-गुना अधिक होनी चाहिये। इसके लिये हमें अगले 25 वर्षों तक 9 प्रतिशत ग्रोथ रेट चाहिये। यह सब बिजनेस इन्वेंटर से ही संभव है।

## शार्ट न्यूज

### बैंक ऑफ बडोदा ने अपना 116 वाँ स्थापना दिवस बहुत धूमधाम से मनाया



**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बडोदा ने गुरुवार को अपना 116 वाँ स्थापना दिवस बहुत धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बडौदा सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली शाखा ने अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सफदरजंग अस्पताल को दो वाटर कूलर, माइकोवेव, टेलिविजन एवं नेबूलाइजर प्रदान किए। इस मौके पर सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर वंदना तलवार एवं अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक, अस्पताल के विभाग प्रमुख, बैंक ऑफ बडौदा दक्षिण दिल्ली क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री निशांत कुमार, उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री विशाल, बैंक ऑफ बडौदा सफदरजंग अस्पताल के शाखा प्रबंधक श्री रोहित कुमार चौधरी, बैंक ऑफ बडौदा के विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक तथा (सीएसआर) टीम उपस्थित थे। भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा उज्जवल कल के लिए सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सफदरजंग में मिली फैशन डिजाइनर की लाश

नई दिल्ली। दिल्ली के सफदरजंग एनक्लेव में 26 साल की एक महिला मृत हालत में मिली है। मृतक महिला के बारे में बताया जा रहा है कि वो पेशे से फैशन डिजाइनर थीं। महिला की पहचान दीपिका के तौर पर हुई है। पुलिस को शक है कि 26 साल की फैशन डिजाइनर ने सुसाइड किया है। पुलिस ने शव को एम्स के ट्रॉमा सेंटर में पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस मामले में मृतक महिला के घर के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। अभी तक सुसाइड नोट नहीं मिला है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि सफदरजंग एनक्लेव के एक फ्लैट में युवती का शव फंदे से लटक रहा है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और इसकी जांच-पड़ताल की गई। पुलिस मृतक महिला के घरवालों से पूछताछ कर सुसाइड की वजह पता करने में जुटे हैं। फैशन डिजाइनर की मौत से इलाके में सनसनीफ फैल गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस इस मामले में सीआरपीसी की धारा 174 के तहत कार्रवाई कर रही है। पुलिस मौत की वजह का पता लगाने के लिए परिजनों से पूछताछ और टेक्निकल सर्विलांस का इस्तेमाल कर रही है।

### स्वाति मालीवाल ने पीएम मोदी और मणिपुर सीएम को चिट्ठी लिख सख्त कार्रवाई की मांग की

**नई दिल्ली।** बीते दिन मणिपुर में दो महिलाओं की नग्न परेड मामले पर सरकार ने सख्त लिया है। एक तरफ जहां सरकार ने ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो शेयर नहीं करने का आदेश दिया है। तो वहीं दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने चिट्ठी लिखी है। सरकार का कहना है कि अभी मामले की जांच चल रही है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति इस मामले से जुड़ा सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर न करे। दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने ट्वीट कर लिखा कि मणिपुर से बहुत ही ज्यादा खतरनाक वीडियो सामने आया है। जिसको देखकर मैं पूरी रात सोई नहीं। ढाई महीने पहले की घटना है। एफआईआर दर्ज हुई। लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले पर केंद्र सरकार पिछले तीन महीने से चुप है। कोई कुछ बोलने को नहीं है। पीएम ने इस पर एक भी बयान नहीं दिया है। मैं आज मणिपुर के सीएम और पीएम मोदी को एक पत्र लिख रही हूं। मणिपुर में हिंसा खत्म करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती हूं।

### जेएमपीएस को मिला एक और प्रतिष्ठित पुरस्कार



नई दिल्ली। दिल्ली के बुराड़ी स्थित जोसेफ एंड मैरी पब्लिक स्कूल (जेएमपीएस) की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुलाई 2023 को जुड़ गई, जब स्कूल को कैम्ब्रिज स्कूल लीडरशिप प्रोग्राम, कैम्ब्रिज, यूनाइटेड किंगडम के दौरान फिट्ज़विलियम कॉलेज में फैकल्टी ट्रेनिंग में सर्वश्रेष्ठ नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल स्कूल एलायंस (एनआईएसए) द्वारा फिट्ज़विलियम कॉलेज कैम्ब्रिज यूके में आयोजित किया गया था। एनआईएसए के अध्यक्ष श्री कुलभूषण शर्मा और प्रोफेसर डॉ. चार्ल्स कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने भारत और यूनाइटेड किंगडम के अन्य स्कूल नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों के सामने पुरस्कार वितरित किए। डॉ. मनिन ठाकुर निदेशक जोसेफ और मार्ट पब्लिक स्कूल ने स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने पर श्री ठाकुर ने कहा, यह कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद पके फलों का आनंद लेने का समय है। स्कूल कई वर्षों से जोनल, इंटर-जोनल, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं में प्रशंसा जीत रहा है।

### ऑनलाइन गेम पर सरकार कड़ी नजर रखें

#### पाकिस्तान इन ऑनलाइन गेमों के जरिए भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त कर रहा है : पम्मा



नई दिल्ली। नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने ऑनलाइन गेम को लेकर सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा एक तरफ तो यह बच्चों का भविष्य बिगाड़ रही हैं दूसरी तरफ देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए खतरा बन रही है इसके लिए सरकार को सख्त कदम उठाने की जरूरत है क्योंकि चाइना व पाकिस्तान हमेशा भारत विरोधी गतिविधियों में लगा रहता है यहां तक कि पाकिस्तान भारत में आंतकवादी गतिविधियों में शामिल भी पाया गया है। परमजीत सिंह पम्मा ने कहा नौजवानों को गुमराह करके पाकिस्तान इन ऑनलाइन गेमों के जरिए पैसे का लालच देकर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त कर सकता है। यहां तक कि महिलाओं तक का इस्तेमाल करके या उनसे दोस्ती बना कर भी यह इस प्रकार की गतिविधियों को अंजाम दे सकता है जो आने वाले समय में देश के लिए बहुत घातक हो हो सकती है।

### प्राथमिकता के आधार पर हो किसानों की समस्याओं का समाधान

मोदीनगर। मोदीनगर के विकास भवन में किसान दिवस की बैठक आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी राकेश सिंह ने किसानों की शिकायतें सुनीं। जिलाधिकारी ने वहां मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान सीडीओ व संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। विकास भवन के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की। जिलाधिकारी ने वहां आए किसानों की शिकायतें सुनीं और उनका समाधान किया। ज्यादातर शिकायतें गन्ना भुगतान, ट्यूबबेल की बिजली का बिल माफी, आवारा पशुओं की समस्या, बाढ़ व जलभराव के कारण बबार्द हुई फसल का सर्वे कराया जाना आदि से संबंधित रही। जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि गन्ना भुगतान तीन माह के अंदर कराया दिया जाएगा।

## बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट की डायरेक्ट एंट्री पर सवाल

# दिल्ली हाईकोर्ट ने डब्ल्यूएफआई की समिति से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की एडहॉक समिति ने मंगलवार को रेस्लर बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट को एशियाई खेलों में सीधे प्रवेश दे दिया। इसे लेकर पहलवानों ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने समिति को बजरंग और विनेश को एशियाई खेलों के ट्रायल से दी गई छूट का आधार बताने को कहा। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने अंडर -20 विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल और अंडर -23 एशियाई चैंपियन सुजीत कलकल की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए खेल निकाय को दिन में अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा। जस्टिस ने मामले को शुक्रवार को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा, अगर यह (चयन का आधार) उचित, निष्पक्ष और तर्कसंगत है, तो यह मामले की सुनवाई बंद कर दी जाएगी। सुनवाई के दौरान, अदालत ने डब्ल्यूएफआई के एडहॉक पैनल के




वकील को यह बताने के लिए कहा कि फोगाट और पूनिया के अच्छे खिलाड़ी होने के अलावा चयन का आधार क्या था क्योंकि याचिकाकर्ताओं का पूरा मामला यही है कि चयन से पहले किसी भी तरह का ट्रायल होना चाहिए। कोर्ट ने कहा, याचिकाकर्ताओं को उन दो पहलवानों की योग्यता पर संदेह नहीं है जिन्हें आपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। लेकिन वे जो कह रहे हैं वह यह है कि केवल पिछला प्रदर्शन ही चयन का आधार नहीं हो सकता। उनका पूछना है, इस तथ्य के अलावा लोगों को चुनने का आधार क्या है कि वे अच्छे खिलाड़ी हैं, क्या आपने किसी प्रकार की चयन प्रक्रिया अपनाई है? केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने अदालत को सूचित किया कि चयन नीति स्वयं कुछ श्रेणी के खिलाड़ियों को छूट प्रदान करती है। डब्ल्यूएफआई दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी भार वर्गों में चयन ट्रायल अनिवार्य है। हालांकि, चयन समिति को मुख्य कोच/विदेशी विशेषज्ञ की अनुशंसा के बिना ट्रायल के ओलंपिक/विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेताओं जैसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों का चयन करने का विवेकाधिकार होगा। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि फोगाट और पूनिया का चयन छूट नीति के अनुरूप नहीं है। फोगाट (53 किग्रा) और पूनिया (65 किग्रा) को मंगलवार को भारतीय ओलंपिक संघ की एडहॉक समिति द्वारा एशियाई खेलों के लिए सीधे प्रवेश दिया गया, जबकि अन्य पहलवानों को 22 और 23 जुलाई को ट्रायल के जरिए भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की करनी होगी। पंघाल और कलकल ने छूट को चुनौती दी।

### 15 दिन के लिए लगी धारा-144

**नोएडा।** नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर पूजा और नमाज जैसे धार्मिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए धारा-144 लगा दी है। पुलिस ने कहा है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर पूजा, नमाज समेत किसी भी धार्मिक गतिविधि की इजाजत नहीं होगी। आदेश के मुताबिक, जरूरी होने पर पुलिस कमिश्नर, अडिशनल कमिश्नर से अनुमति लेनी होगी। ये आदेश कल से 3 अगस्त तक 15 दिन के लिए प्रभावी रहेगा। एडिशनल डीसीपी (लॉ एंड ऑर्डर) हृदयेश कठेरिया की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। पुलिस ने बताया है कि आने वाले दिनों में मुहर्रम, अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, किसानों के प्रदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। आदेश में कहा गया है, सीपी, एडिशनल सीपी या डीसीपी से पूर्व आदेश के बिना सार्वजनिक स्थान पर पांच से अधिक लोग एकत्रित नहीं हो सकते हैं या जुलूस आदि नहीं निकाल सकते हैं। सरकार की ओर से अनुमति प्राप्त कार्यक्रमों के लिए इस नियम में ढील दी जा सकती है। सरकारी दफ्तरों के एक किलोमीटर के दायरे में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध है। वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए भी पुलिस से इजाजत लेनी होगी।

# डीयू में सीईएस 2023-24 के तहत पंजीकरण शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने अप-स्किलिंग, री-स्किलिंग और लाइफ़लोंग लर्निंग को सक्षम करने के लिए शताब्दी वर्ष में घोषित कॉम्पिटेंस एन्हांसमेंट स्कीम (सीईएस) की शुरुआत शैक्षणिक सत्र 2023-24 से कर दी है।

सीईएस के तहत पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय की इस अनूठी योजना के तहत किसी भी उम्र का व्यक्ति कोई व्यक्ति किसी भी उम्र में कोई भी पाठ्यक्रम पढ़कर अपने ज्ञान का विस्तार कर सकता है।

कुलपति ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उद्यमियों के व्यवसाय को बढ़ाना, प्रबंधकीय कौशल में सुधार करना, शैक्षिक सपनों को पूरा करना, वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाना, कारीगर कौशल को उन्नत करना, विद्यार्थियों के साथ सीखने के माध्यम से आत्मविश्वास का निर्माण करना, विश्वविद्यालय के संसाधनों का उपयोग करना, विद्यार्थी गतिशीलता को बढ़ावा देना और समाज के




अनुकूलन के लिए व्यावसायिक आवश्यकताओं के सक्षम बनाना है। दिल्ली विश्वविद्यालय का इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग (आईएलएलएल) इस योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल संस्थान होगा।

उन्होने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो किसी मौजूदा पाठ्यक्रम के लिए निर्दिष्ट न्यूनतम पात्रता मानदंड और पूर्व-आवश्यकताएं, यदि कोई हो, पूरी करता है, तो सीटों की उपलब्धता के अधीन, उस पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण करवा सकता है। गैर वरिष्ठ नागरिकों का प्रवेश योग्यता के आधार पर किया जाएगा।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रवेश योग्यता और उम्र के आधार पर होगा, जहां योग्यता और उम्र को क्रमशः 70 प्रतिशत और 30 प्रतिशत का महत्व दिया जाएगा।

### पश्चिम विहार में आठ साल की बच्ची के गले में फंसा चाइनीज मांझा, हुई मौत

नई दिल्ली। पश्चिम विहार इलाके में एक आठ साल की बच्ची की चाइनीज मांझे से मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, बच्ची के गले में चाइनीज मांझा फंस गया था। जिसके बाद घायल अवस्था में बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। चाइनीज मांझा बैन है। दिल्ली के अलावा हर राज्य में मौसम और त्योहार के अनुसार पतंगबाजी होती है। लेकिन राजधानी में गर्मियों की शुरुआत से ही पतंगबाजी शुरू हो जाती है। पतंग बाजी के दौरान नियमों का उल्लंघन कर लोग जमकर चीनी मांझे का इस्तेमाल करते हैं। पाबंदी होने पर भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देता है। इसका खामियाजा राहगीर खासकर दोपहिया वाहन चालकों को उठाना पड़ता है। हर साल चीनी मांझे की चपेट में आकर दर्जनों लोग जख्मी होते हैं। इंसान तो इंसान परिंदे भी चीनी मांझे का शिकार होते हैं। अब उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस इन चीनी मांझे वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कर रही है।

# ट्रेडमिल पर दौड़ते समय लगा करंट, युवक की मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के केएन काटजू मार्ग इलाके में जिम में कसरत करने के दौरान ट्रेड मिल से करंट लगने से बीटेक इंजीनियर युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त सक्षम कुमार (24) के रूप में हुई है। हादसे के समय वह ट्रेड मिल पर दौड़ लगाने के दौरान उससे नीचे उतरकर दो ट्रेडमिल के बीच बैठ गया था। इसी दौरान उसे जोरदार करंट लग गया। फौरन उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां



उसे मृत घोषित कर दिया गया।


मौके पर पहुंची पुलिस ने जिम मालिक अनुभव दुग्गल के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि एक ट्रेडमिल में करंट उतरा था। उसके संपर्क में आते ही सक्षम की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सक्षम अपने परिवार के साथ दिव्य ज्योति अपार्टमेंट, सेक्टर-19, रोहिणी में रहता था। इसके परिवार में पिता मुकेश कुमार, मां और एक छोटी बहन है।

#### पुलिस ने जिम मालिक के खिलाफ शुरू की कार्रवाई

केशव को भी करंट लगा। उसने ट्रेडमिल की बिजली बंद करने के बाद बाकी लोगों की मदद से उसके हाथ-पैर रगड़े। उसको सीपीआर भी दिया। बाद में उसे अस्पताल ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने केशव के बयान पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सक्षम की मौत के बाद से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है। वह परिवार में इकलौता बेटा था। उसकी शादी की भी तैयारियां की जा रही थी, लेकिन अचानक उसकी मौत ने पूरे परिवार को बुरी तरह तोड़ दिया। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव परिवार के हवाले कर दिया।

# आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में कार्य स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा में सांसद संजय सिंह ने नियम 267 के तहत सदन में कार्य स्थगन प्रस्ताव का नोटिस देकर मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग की है। सिंह ने अपने नोटिस में मणिपुर की स्थिति को चिंताजनक बताते हुए सदन में इस पर चर्चा कराने की मांग की है। उन्होंने अनुरोध किया है कि सदन में सभी कार्यों को रोककर इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की जानी चाहिए। इससे पहले द्रविड़ मुनेत्र



कषगम (द्रमुक) के सदस्य तिरुचि शिवा भी तमिलनाडु में राज्यपाल की भूमिका पर सवाल उठाते हुए इस बारे में कार्य स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दे चुके हैं। इसे देखते हुए मानसून सत्र के पहले दिन ही सदन में हंगामे के आसार बनते दिख रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस की ओर से भी मणिपुर के मुद्दे पर कार्य स्थगन प्रस्ताव का नोटिस देने की बात पहले ही कह दी गई थी। द्रमुक सदस्य ने बुधवार को राज्यसभा के सभापति को लिखे पत्र में कहा है कि तमिलनाडु में राज्यपाल निर्वाचित सरकार के अधिकारों का अतिक्रमण कर रहे हैं। उन्होंने प्रस्ताव में नियम 267 के तहत सदन में सभी विधयी कार्य रोक कर इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की है।

### दक्षिण जोन के शिक्षकों को चार माह से वेतन नहीं मिला

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में दक्षिण जोन के शिक्षकों को चार माह से वेतन नहीं मिला है। ये सभी शिक्षक अनुबंध पर कार्यरत हैं। उनका कहना है कि करीब 200 से अधिक शिक्षकों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। दूसरे जोन में अप्रैल और मई का वेतन नहीं मिला है। 12 जोन में से सिर्फ दक्षिण जोन ही ऐसा है, जहां चार माह से शिक्षक बगैर वेतन कार्य कर रहे हैं। अनुबंध पर कार्यरत महिला शिक्षकों का कहना है कि मार्च से जून तक का वेतन जारी नहीं किया गया।

# अदालत ने सुशील को अंतरिम जमानत दी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सागर धनखड़ हत्याकांड के आरोपी ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार को चिकित्सा आधार पर बुधवार को एक सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार ने दलीलें सुनने के बाद कहा कि अदालत के समक्ष पेश किए गए दस्तावेजों से पता चलता है कि आरोपी सुशील कुमार दाहिने घुटने के आंशिक लिगामेंट टियर पीएफ से पीड़ित हैं और उन्हें वैकल्पिक सर्जरी की जरूरत है।

न्यायाधीश ने आदेश में कहा, अभियुक्त की वर्तमान चिकित्सा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, यह आदेश दिया जाता है कि उसे एक सप्ताह की अवधि के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए।

जमानत की अवधि 23 जुलाई को शुरू होगी और 30 जुलाई को समाप्त होगी।

अंतरिम जमानत अवधि समाप्त होने



के बाद आरोपी को संबंधित जेल अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पहलवान सुशील कुमार पर अन्य लोगों के साथ मिलकर कथित संपत्ति विवाद को लेकर 4 मई, 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन धनखड़ और उनके दोस्तों पर कथित तौर पर हमला करने का आरोप है। धनखड़ ने बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, मृत्यु का कारण मस्तिष्क में चोट आना बताया गया था।

# गाजियाबाद में हिंडन की बाढ़ से सिटी फॉरेस्ट जलमग्न

## पानी भरने से आवाजाही बंद, नदी किनारे वाली कई कॉलोनियां भी प्रभावित

गाजियाबाद। यमुना के बाद अब हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। हिंडन के किनारे बसी कॉलोनी और गांवों में पानी आने लगा है। गाजियाबाद का सिटी फॉरेस्ट पार्क पूरी तरह से जलमग्न हो गया है।

यहां बड़ी संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं। एहतियात के तौर पर पार्क को बंद कर दिया गया है। सिटी फॉरेस्ट में चलने वाली बोटिंग, जंगल सफारी, फूड कोर्ट और बच्चों के अन्य मनोरंजन के साधन बंद हो गए हैं। वजह ये है कि ये पानी से लबालब भर गया है। कई जगह पर कई-कई फुट पानी भरा है। ऐसे में घूमने के लिए भी लोग नहीं आ रहे हैं। पार्क के कर्मचारी कुलदीप कुमार ने बताया, पानी बढ़ने की वजह से पार्क बंद कर दिया गया है। पार्क की हर पॉकेट में पानी भरा हुआ है। इसलिए गेट पर ताला लगा दिया है, ताकि कोई अंदर न आए और हादसे का शिकार न हो।

उधर, सिटी फॉरेस्ट फिलहाल बंद हो जाने से यहां काम करने वाले ठेकेदारों को नुकसान होने लगा है। उनका कहना है कि हर साल यही दिक्कत होती है। प्रशासन को सिटी फॉरेस्ट डूबने से बचाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए। इस मांग को लेकर वे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से मुलाकात करेंगे।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
शुक्रवार 21 जुलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय



## हादसों का सिलसिला बदस्तूर जारी

उत्तराखंड के चमोली में करंट लगने से सोलह लोगों की मौत को एक बार फिर महज हादसे के तौर पर ही देखा जाएगा।

इस त्रासदीपूर्ण घटना से यही साबित होता है कि दुर्घटनाओं की शक्ल में ऐसी घटनाएं लगातार होती रहती हैं और उसके बावजूद व्यवस्थागत उदासीनता का सिलसिला कायम रहता है। चमोली में अलकनंदा नदी के किनारे नमामि गंगे परियोजना के तहत जल-मल शोधन संयंत्र में करंट लगने से हुई मौतों में आपराधिक लापरवाही का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि मंगलवार रात को ही वहां बिजली की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

लेकिन अगले दिन बुधवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे जब मृतक का पंचनामा चल रहा था, तब फिर से वहां लोहे के घेरे में करंट दौड़ गया। उसकी चपेट में मौके पर पुलिसकर्मियों और मृतक के कुछ रिश्तेदारों समेत सोलह लोगों की भी जान चली गई और कई अन्य बुरी तरह घायल हो गए। निश्चित रूप से यह किसी तकनीकी खराबी और उस पर नजर रखने, समय से उसकी मरम्मत करने में व्यापक कोताही की वजह से हुआ हादसा ही होगा, लेकिन इसकी प्रकृति ऐसी लगती है मानो इस लापरवाही की कोई सीमा नहीं थी!

सवाल है कि जब रात में करंट की वजह से ही एक व्यक्ति की जान जा चुकी थी, तब उसके कई घंटे के बाद भी वहां अन्य जगह पर बिजली कैसे प्रवाहित हो गई! जबकि यह बुनियादी तकाजा है कि पहली घटना का पता चलते ही सबसे पहले वहां बिजली के संपर्क को पूरी तरह काट दिया जाना चाहिए था।

सामान्य स्थितियों में भी अगर बिजली आपूर्ति बाधित होने की मामूली समस्या को दूर करना होता है, कोई मरम्मत करनी होती है तो पहले वहां बिजली का संपर्क काटा जाता है, ताकि किसी धोखे की स्थिति में भी लोग सुरक्षित रहें। लेकिन एक व्यक्ति की जान चले जाने के बावजूद वहां बिजली को पूरी तरह काटना सुनिश्चित नहीं किया गया।

इस आपराधिक लापरवाही का नतीजा यह हुआ कि एक व्यक्ति की मौत से दुखी होकर वहां पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताने पहुंचे कई अन्य लोगों की भी जान चली गई। अब सरकार की ओर से जांच और मुआवजे की घोषणा की गई है, इस घटना पर हर किसी को दुख भी होगा, लेकिन इसमें जिन लोगों का जीवन चला गया, उसकी भरपाई शायद नहीं हो पाएगी।

किसी भी हादसे का पहला सबक यह होना चाहिए कि कम से कम उसके बाद ऐसे पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। किसी परियोजना स्थल या अन्य निर्माण कार्यों के दौरान हादसों के लिहाज से सुरक्षा इंतजामों में किसी गड़बड़ी के बाद उसका तात्कालिक हल तो निकाल दिया जाता है, लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत नहीं समझी जाती कि अगर खामी को दुरुस्त करने के ठोस उपाय नहीं किए गए तो इसका खमियाजा और गंभीर रूप में सामने आ सकता है।

सुरक्षा इंतजामों में मामूली लापरवाही की भी कीमत किस रूप में सामने आती है, इसके त्रासद उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं। विडंबना यह है कि ऐसे हादसों का सिलसिला बदस्तूर कायम रहने के बावजूद शायद कोई सबक नहीं लिया जाता है। ऐसे में घटनास्थल पर हुई लापरवाही के लिए वहां तैनात किसी कर्मचारी को जिम्मेदार मान लिया जा सकता है, लेकिन उसके ऊपर के तंत्र में निरीक्षण, जांच आदि करने से जुड़े समूचे तंत्र की क्या ड्यूटी होती है! किसी हादसे के बाद की औपचारिक कार्रवाई से हादसों पर लगाम नहीं लगाई जा सकती। उसके लिए ऐसे ठोस इंतजाम करने होंगे, ताकि वक्त रहते किसी खामी का पता चल सके और उसे दुरुस्त किया जा सके।

## सही तरह चले संसद

### राजनीति के बीच विधि निर्माण के अपने मूल दायित्व की अनदेखी न करें राजनीतिक दल

मानसून सत्र में कुल 17 बैठकें होनी हैं। इतने कम समय में 31 विधेयकों पर व्यापक चर्चा होना और उन्हें पारित कराना आसान नहीं लेकिन यदि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों अपने संसदीय दायित्वों के प्रति सजग हों तो ऐसा हो भी हो सकता है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि इस सत्र में जो विधेयक प्रस्तावित हैं उनमें अनेक बेहद महत्वपूर्ण हैं।

संसद के प्रत्येक सत्र के पहले जो सर्वदलीय बैठकें होती हैं, उनमें आम तौर पर यही सहमति बनती है कि दोनों सदनों की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाया जाएगा, लेकिन दुर्भाग्य से अभी तक का अनुभव यही रहा है कि प्राय: ऐसा होता नहीं।

कई बार तो संसद का पूरा सत्र ही हंगामे की भेंट चढ़ जाता है। इसे कोई विस्मृत नहीं कर सकता और राजनीतिक दल तो बिल्कुल भी नहीं कि बजट सत्र किस तरह नारेबाजी की राजनीति का अखाड़ा बन गया था। क्या इससे दयनीय और कुछ हो सकता है कि आम बजट को बिना किसी चर्चा के पारित कराना पड़ा था?

इसके पहले के सत्र भी विधायी कामकाज की दृष्टि से कोई बहुत अधिक संतोषजनक नहीं रहे थे। इसे देखते हुए यही आशा की जाती है कि मानसून सत्र के लिए आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी विषयों पर सार्थक चर्चा करने के अपने आश्वासन को लेकर पक्ष-विपक्ष, दोनों गंभीरता का परिचय देंगे। विपक्ष ने स्पष्ट किया है कि वह मणिपुर के हालात, महंगाई की स्थिति, बालेश्वर रेल हादसे समेत अन्य अनेक विषयों पर चर्चा करना चाहेगा।

सत्तापक्ष का कहना है कि उसे इन विषयों पर चर्चा करने में हर्ज नहीं, लेकिन क्या इसके प्रति आश्वस्त हुआ जा सकता है कि पक्ष-विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा करने के लिए सच में प्रतिबद्ध रहेंगे? इस प्रश्न का सकारात्मक उत्तर सामने आना चाहिए, क्योंकि सरकार इस सत्र में कम से कम 31 विधेयक लाने की तैयारी में है।

मानसून सत्र में कुल 17 बैठकें होनी हैं। इतने कम समय में 31 विधेयकों पर व्यापक चर्चा होना और उन्हें पारित कराना आसान नहीं, लेकिन यदि सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों अपने संसदीय दायित्वों के प्रति सजग हों तो ऐसा हो भी हो सकता है।

इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि इस सत्र में जो विधेयक प्रस्तावित हैं, उनमें अनेक बेहद महत्वपूर्ण हैं और उन्हें पारित किया जाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वे समस्याओं का समाधान करने के साथ देश की प्रगति में भी सहायक बनेंगे।

राजनीतिक दल इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकते और न उन्हें होना चाहिए कि जब आवश्यक विधेयक अटकते हैं या फिर उन्हें कानून का रूप देने में अनावश्यक देरी होती है तो कुल मिलाकर देश को ही क्षति उठानी पड़ती है।

यह ठीक है कि पक्ष-विपक्ष संसद में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के साथ एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने को तत्पर रहते हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि वे विधि निर्माण के अपने मूल दायित्व की अनदेखी कर दें। दुर्भाग्य से कई बार ऐसा ही होता है-कभी राजनीतिक लाभ उठाने के फेर में और कभी महज खबरों में छा जाने के लिए।

जब संसद में विधायी कामकाज के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति होती है तो केवल संसद और लोकतंत्र की गरिमा ही नहीं गिरती, बल्कि देश की जनता में निराशा भी घर करती है।

# मानसून सत्र व्यर्थ नहीं, अर्थपूर्ण ढंग से चले



ललित गर्ग



मानसून सत्र दोनों सदनों में सुचारुरूप से चले इसके लिये सर्वदलीय बैठक में सहमति भले ही बनी हो, लेकिन अब तक के अनुभव के अनुसार यह सत्र भी हंगामेदार ही होना तय है। भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर देने के लिए विपक्ष ने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया)' नाम के नए गठबंधन की घोषणा कर दी है। नए गठबंधन के नेता संसद के मानसून सत्र में सरकार को घेरने की तैयारी में लगे हैं। मानो विपक्षी दलों ने प्रण कर लिया है कि वह इस सत्र को भी सुगम तरीके से नहीं चलने देगा। मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और यह 11 अगस्त को खत्म होगा। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें रखी गई हैं। एक ओर जहां सत्ता पक्ष अहम विधेयकों को पारित करने की कोशिश में है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महंगाई, यूनिफॉर्म सिविल कोड और अडाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग करने में लगा हुआ है। कई और मुद्दों को लेकर भी वह सरकार को घेरने की फिराक में हैं। ऐसे में, विपक्ष की भूमिका देश व सरकार के प्रति अपने कर्तव्य और दायित्व के सही एवं सकारात्मक निर्वहन की होनी अपेक्षित है।

हम पिछले कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि किस प्रकार संसद के सत्र छोटे पर छोटे होते जा रहे हैं और साल में संसद बामुश्किल 55 या 56 दिन के लिए ही बैठती है और उसमें भी सार्थक चर्चा होने के स्थान पर सत्ता व विपक्षी खेमों के बीच एक-दूसरे के ऊपर आरोप-प्रत्यारोपों की बौछार होती रहती है और भारी शोर-शराबा मचता रहता है या बैठकें बार-बार स्थगित होती रहती हैं। विपक्ष का आक्रामक रूख और हंगामा उचित नहीं है। उसे अपनी छवि सुधारनी चाहिए। हर बार की तरह इस बार भी संसदीय अवरोध का कायम रहता है तो इससे लोकतंत्र कमजोर ही होगा। लोकतंत्र में संसदीय अवरोध जैसे उपाय किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। इस मौलिक सत्य व सिद्धांत की जानकारी से आज का पक्ष एवं विपक्षी नेतृत्व अगर अनभिज्ञ रहता है, तो यह अब तक की हमारी लोकतांत्रिक यात्रा की कमी को ही दर्शाता है। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की काली छाया से मानसून सत्र को बचाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

भारत पूरी दुनिया में संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और इसके बावजूद इसकी संसद की हालत ऐसी हो गई है कि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने में अब केवल मुश्किल से नौ महीने ही बचे हैं। इस अवधि में विपक्ष प्रभावी भूमिका में सामने आये, यह जरूरी है। वैसे भी संसद पर पहला अधिकार विपक्ष का होता है क्योंकि वह अल्पमत में होता है मगर उसी जनता का प्रतिनिधित्व करता है जिसका प्रतिनिधित्व बहुमत का सत्ताधारी दल करता है। अत: विपक्ष द्वारा उठाये गये मुद्दों और विषयों पर विशद चर्चा कराना सत्ताधारी दल का नैतिक कर्त्तव्य बन जाता है। मगर हम तो देखते आ रहे हैं कि पिछले सत्र में जिस प्रकार एक के बाद एक विधेयक बिना चर्चा के ही संसद के दोनों सदनों के भीतर भारी शोर-शराबे के बीच पारित होते रहे यहां तक कि चालू वित्त वर्ष के बजट को भी बिना किसी चर्चा के ही ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। ये लोकतांत्रिक प्रक्रिया को धुंधलाने के उपक्रम है।

मानसून सत्र के दौरान सरकारी कार्यों की संभावित सूची में 31 नये विधेयकों को पेश या पारित करने के लिए शामिल किया गया है। इसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार संशोधन विधेयक 2023 को भी जोड़ा गया है। यह विधेयक संबंधित अध्यादेश का स्थान लेने के लिए रखा जाएगा। आम आदमी पार्टी इस मामले को लेकर सरकार पर निशाना लगा रही है।

हम भयंकर गलती कर रहे हैं क्योंकि हम उसी संसद को अप्रासंगिक बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिसके साये में इस देश का पूरी शासन-व्यवस्था चलती है और जिसमें बैठे हुए आम जनता के प्रतिनिधि आम लोगों से ताकत लेकर उसे चलाने की जिम्मेदारी उठाते हैं और इस मुल्क के हर तबके के लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए नीतियां बनाते हैं। भारतीय संविधान के तहत संसद को सार्वभौम इस तरह माना गया है कि इसे नये कानून बनाने का भी अधिकार है, बशर्ते वे कानून संविधान की कसौटी एवं जन-अपेक्षाओं पर खरे उतरते हो। इन कानूनों को पारित करने में सत्ता पक्ष से ज्यादा विपक्ष की भूमिका है, मगर हमने पिछले सत्र में देखा कि विपक्षी सांसदों ने संसद का बहिष्कार करके या उसका अवरोध करके उसको नहीं चलने दिया और पूरा सत्र व्यर्थ ही चला गया।

मानसूत्र सत्र व्यर्थ न जाये, यह पक्ष एवं विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। इस सत्र में अहम विधेयक पेश किए जानें हैं, ऐसे में सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। सभी दलों को सत्र चलाने में मदद करनी होगी। संसदीय कार्यमन्त्री का मुख्य कार्य विपक्ष के साथ संवाद कायम करके संसदीय कामकाज को सामान्य तरीके से चलाने का होता है। मगर इसके साथ ही दोनों सदनों के सभापतियों की भी यह जिम्मेदारी होती है कि वे संसद की कार्यवाही को चलाने के लिए संसदीय कार्यमन्त्रणा समितियों से लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं की सहयोग एवं सहृदयता प्राप्त करने का प्रयास करें। लेकिन जैसे-जैसे लोकतंत्र के विस्तार के साथ देश की भौतिक अवस्था में भी सकारात्मक बदलाव आया है, उससे तो कल्पना में यही बात रही होगी कि बौद्धिकता का भी स्तर और अभिव्यक्ति की शैली में प्रगतिशीलता और श्रेष्ठता आएगी। लेकिन यथार्थ इससे एकदम भिन्न है। बहस की शैली और तत्त्व दोनों में ही गिरावट आई है। संसदीय बहसें अपने सुनने-देखने वालों की भी रचनात्मकता को कम करने में अधिक कारगर हो रही हैं। यही कारण है कि हल्की, ऊटपटांग, उलाहनापूर्ण, व्यंग्य और अपशब्दों वाली बहसें एवं हंगामें, जिन्हें संक्षेप में अमर्यादित और असंसदीय कह सकते हैं,, जो लोकतंत्र की गरिमा को धूमिल करती है, इन स्थितियों का उभरना एक चिन्तनीय स्थिति है।

संसद में हम अगर सार्थक बहस या रचनात्मक चर्चा को ही टालने का प्रयास करेंगे तो आम जनता में जनप्रतिनिधियों के बारे में जो सन्देश जायेगा वह संसद की गरिमा के हक में नहीं होगा क्योंकि हर पांच साल बाद तो हर पार्टी का प्रत्याशी जनता से बड़े-बड़े वादे करके ही वोट यह कह कर पाता है कि वह लोकसभा में पहुंच कर आम जनता का दुख-दर्द व उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा करेगा और राष्ट्र की नीतियों के निर्माण में अपना योगदान देगा। लेकिन हर सांसद को यह योगदान देने के लिये तत्पर होना चाहिए एवं उनके दलों को भी यह भूमिका निभानी चाहिए। संसदीय अवरोध कोई लोकतांत्रिक तरीका नहीं है, उससे हम प्रतिपल देश की अमूल्य धन-सम्पदा एवं समय-सम्पदा को खोते हैं। जिनकी भरपाई मुश्किल है। इसके साथ ही राजनीतिक मूल्य, भाईचारा, सद्भाव, लोकतंत्र के प्रति निष्ठा, विश्वास, करुणा यानि कि जीवन मूल्य भी खो रहे हैं।

विपक्ष हंगामे पर उतारू न होकर सार्थक चर्चा करे, उसके विरोध के स्वरों में देशहित होना चाहिए, स्वहित है। पक्ष एवं विपक्ष दोनों को ही ध्यान रखना चाहिए कि हमारे लोकतन्त्र में संसद के सत्र कोई समारोह नहीं हैं बल्कि हमारी देश-निर्माण की प्रशासनिक व्यवस्था की अन्तरंग प्रणाली हैं क्योंकि संसद केवल वाद-विवाद का प्रतियोगिता स्थल नहीं होती बल्कि लोकहित व राष्ट्रहित में फैसला करने का सबसे ऊंचा मंच होती है।

एक प्रश्न है कि यदि संसद ने केवल बिना बहस कराये ही भारी शोर-शराबे के बीच ध्वनिमत से ही विधेयक पारित कराने हैं तो संसद की क्या प्रासंगिकता रहेगी?

# धार्मिक उग्रवाद के विरोध में धर्मनिरपेक्षता एक बड़ी शक्ति

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण संवेदनशील एवं शाश्वत सिद्धांत है। धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है। जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित हैद्य धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है। इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना भी है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं। धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता हैद्य भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है। इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है। भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान हैद्य भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करेंद्य भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती हैद्य धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता हैद्य भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है। हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है।




# तमिलनाडू में मंदिरों पर कब्जे की राजनीति खत्म करेगा यूसीसी




(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

## दक्षिण भारत के तमिलनाडू में 38000 मंदिरों पर हैं राज्य सरकार का कब्जा

भारत में तमिलनाडू एक ऐसा राज्य है, जहां पर एक दो नहीं बल्कि 38000 मंदिर ऐसे हैं, जो मौजूदा समय में राज्य सरकार के अधीन है। इतना ही नहीं तामिलनाडू में इन सभी मंदिरों में महत्वपूर्ण निर्णय मंदिर प्रबंधन नहीं, बल्कि राज्य सरकार के अधिकारियों के द्वारा लिए जातें हैं। ऐसे में तामिलनाडू में कहीं ना कहीं मंदिरों के प्रबंधन में राज्य सरकार का दखल दिन प्रति दिन ज्यादा बढ़ता जा रहा है। नतीजतन राज्य सरकार के हस्तक्षेप के बाद से जहां मंदिर प्रबंधन को भी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार के अनावश्यक दखल से तमिलनाडू के मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### कनाडा में खालिस्तानी आंदोलन के पतन की शुरूआत

कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों के विरोध में भारत का झंडा लेकर निकले हिंदुस्तानी भारत से हजारों किलोमीटर दूर स्थित कनाडा में बीते आठ जुलाई को एक ऐसी घटना घटी जो भारत और कनाडा की इतिहास में बहुत ही महत्वपूर्ण और अप्रत्याशित है। दरअसल इसी महीने की गुजरी आठ जुलाई की तारीख को कनाडा के शहर टोरंटों में स्थित भारतीय वाणिज्यिक दूतावास के सामने कुछ खालिस्तानी समर्थकों ने अपने हाथों में खालिस्तान के समर्थन वाले झंडे को लेकर खालिस्तान की मांग करते हुए सड़क पर प्रोटेस्ट और नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान वह घटना भी हुई, जिसके होने की उम्मीद शायद किसी को भी नहीं थी। दरअसल कुछ ही देर में सैकड़ों की संख्या में प्रवासी भारतीय नागरिक भी अपने हाथों में झंडा लेकर सड़क पर उतर आए और खालिस्तानी समर्थकों के सामने खड़े होकर हिंदुस्तान जिंदाबाद, वंदेमातरम और भारत माता की जय के नारे लगाने लगे। बता दें कि इस घटना के बाद खालिस्तान समर्थकों के पैरों से जैसे जमीन ही खिसक गई। हालांकि भारतीय वाणिज्यिक दूतावास के सामने दोनों पक्षों में तनाव को बढ़ता देख टोरंटों की पुलिस को बीच में आकर दोनों पक्षों को शांत कराना पड़ा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि क्या अब कनाडा से कुछ देश विरोधी लोगों के इशारे पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले लोगों का अवसान



काल शुरू हो गया है?

### कनाडा में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भड़का आंदोलन

कनाडा में अभी हाल ही में पिछले महीने खालिस्तानी आंदोलन के समर्थक और नेता हरदीप सिंह निज्जर की किसी ने हत्या कर दी थी। दरअसल कनाडा में खालिस्तानी आंदोलन के नेता हरदीप सिंह निज्जर के बाद खालिस्तान समर्थकों में काफी गुस्सा था। ऐसे में खालिस्तान समर्थक एक बार फिर से सड़क पर उतरकर अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए यह दिखाना चाहते थें कि, अभी भी खालिस्तान आंदोलन खत्म नहीं हुआ है। लेकिन कनाडा में रह रहें भारी संख्या में प्रवासी भारतीयों ने उनका विरोध किया और भारत के समर्थन में उन्होंने भी सड़कों पर उतरकर नारेबाजी की। लेकिन यहां पर सबसे बड़ा सवाल है कि आखिरकार कनाडा में खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन को बढाने के पीछे किसका हाथ है? हालांकि भारतीय जतना पार्टी के कुछ नेताओं और कनाडा में रह रहें कुछ सिख नेताओ की माने तो खालिस्तानी आंदोलन को हवा देने के पीछे आएसआई की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। दरअसल यह बातभी गंभीरता से विचार करने वाली है कि आखिरकार खालिस्तान आंदोलन को भारत में हवा देने से किसको लाभ हो सकता है।

### पंजाब में आप की सरकार बनने के बाद तेज हुआ खालिस्तान आंदोलन

दरअसल बीते कुछ वर्षो के घटनाक्रमों पर यदि गौर करें तो जब से पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तब से खालिस्तान के समर्थन में आंदालन तेज हुआ है। इसके अलावा पंजाब के अंदर भी कई ऐसी घटनाएं हुई जिनको देखकर यह कहा जा सकता है कि मौजूदा पंजाब सरकार में खालिस्तान आंदोलन के समर्थक अपने आंदोलन को तेज करने के लिए ज्यादा मुफीद मानतें हैं। उदाहरण के लिए पंजाब में अभी कुछ दिन पहले ही अमृतपाल ने खुलेआम अपने हजारों समर्थकों के साथ थाने में घुसकर ना सिर्फ जमकर बवाल काटा, बल्कि थाने में बंद अपने समर्थकों को जबरन छुड़ा ले गया। दरअसल अमृतपाल भी आपरेशन ब्लूस्टार में मारे गए भिंडरावाले और खालिस्तान की विचारधार से ही प्रभावित था। लेकिन पंजाब सरकार के नाक के नीचे जिस तरह से अमृतपाल ने बवाल किया उससे भी कहीं ना कहीं पंजाब सरकार के उपर सवालियां निशान उठना स्वाभाविक था। जबकि विदेशी धरती पर यानी कनाडा में खालिस्तानी आंदोलन को भी कुछ लोग और संगठन मिलकर हवा दें रहें हैं। हालांकि अब विदेश में भी रह रहें सच्चे भारतीयों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है, जो कहीं ना कहीं विदेशों में खालिस्तान समर्थकों के पतन की शुरूआत है।

### भारत सरकार देश विरोधी व आतंकवादी तत्वों से निपटने के लिए सख्त

भारत सरकार ने देश विरोधी तत्वों मसलन खालिस्तानी समर्थकों और आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त रूख अख्तियार किया है।

दरअसल जानकारी के मुताबिक बीते आठ जुलाई को कनाडा में खालिस्तान के समर्थन में हुए आंदोलन के बाद भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा के पीएम जस्टिन टूरडो से बातचीत में स्पष्ट रूप से कह दिया है कि, आप अपने देश में भारत विरोधी आंदोलन को रोकने की कोशिश करें। हालांकि सूत्रो के मुताबिक भारतीय विदेश मंत्री से बातचीत के बाद कनाडा के पीएम ने खालिस्तान आंदोलन को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।

ऐसे में कहीं ना कहीं यदि यह कहा जाए कि अब विदेश में छुपकर भारत के विरोध में आंदोलन को हवा देने वालों के दिन पूरे हो गए हैं तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। दरसअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल रणनीति के चलते आज निश्चित रूप से देश से लेकर विदेशों तक आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगी है। ऐसे में कहीं ना कहीं भारत की मजबूत छवि पूरी दुनिया में बन रहीं है, जिससे भारत विरोधी ताकतें काफी ज्यादा डरी और सहमी हुई है।

## शार्ट न्यूज

### वकील और ट्रैफिक सिपाही में मारपीट

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में गुरुवार को तहसील की ओर जा रहे बाइक सवार वकील को ट्रैफिक पुलिस के सिपाही ने नियम विरुद्ध जाने पर रोकने का प्रयास किया गया तो वकील ने सिपाही के साथ अभद्रता करते हुये मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने वकील को हिरासत में ले लिया है। फिरोजाबाद के थाना उत्तर क्षेत्र के नगला भाऊ स्थित तहसील जाने वाले रोड एक तरफ जा रहा था कि ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी रविंद्र उपाध्याय ने उसे रोक दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। समीप ही खड़े यातायात निरीक्षक पूरन सिंह वहां पहुंच गए और उन्होंने हस्तक्षेप किया। आरोप है युवक ने उन्हें भी नहीं बख्शा और गाली गलौज करते हुए धक्का मारने के साथ वर्दी फाड़ दी। घटना की जानकारी होते ही अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने अधिवक्ता के खिलाफ नामजद रिपोर्ट थाना उत्तर में धारा 323 504 506 332 और 353 अभियोग दर्ज किया है।

### मणिपुर में महिलाओं के साथ अभद्रता शर्मसार करने वाली: मायावती

लखनऊ। मणिपुर में महिला के साथ अभद्रता की घटना को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य सरकार के लिये शर्मसार करने वाली बताते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार के कहा कि आखिर कब तक भाजपा मणिपुर के मुख्यमंत्री को संरक्षण देती रहेगी। मायावती ने ट्वीट किया मणिपुर में अनवरत जारी हिंसा व तनाव से पूरा देश चिन्तित है तथा महिला के साथ अभद्रता की ताजा घटना खासकर भाजपा व उनकी सरकार को शर्मसार करने वाली है। वैसे तो राज्य में कानून-व्यवस्था काफी पहले से चरमराई हुई है, किन्तु क्या बीजेपी अभी भी ऐसे मुख्यमंत्री को संरक्षण देती रहेगी।' गौरतलब है कि हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर में महिलाओं से अभद्रता किये जाने संबंधी वीडियो के वायरल होने के बाद विपक्षी दलों ने सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की है।

### मामूली विवाद में की सगे भाई की हत्या

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के जहानगंज क्षेत्र में गुरुवार को एक व्यक्ति ने मामूली विवाद के दौरान अपने सगे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के रूनी, चुरसाई निवासी शैलेंद्र सिंह चौहान (50) शराब के ठेकेदार हैं, और खेती का भी कार्य करते हैं। आज दोपहर को वह ग्राम वर्ना बुजुर्ग में अपने कृषि फार्म से घर वापस लौटे और दरवाजे के बाहर खड़े थे। इसी बीच उन का छोटा भाई राजू चौहान आ गया। दोनो भाइयों के बीच खेत में पानी लगाने को लेकर कहासुनी हो गयी। इस बीच राजू ने गोट से तमंचा निकालकर अपने बड़े भाई शैलेंद्र सिंह चौहान को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। परिजन शैलेंद्र सिंह चौहान को फर्रुखाबाद के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उपचार के लिए ले गए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### एटीएस ने दो बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

देवबंद। यूपी एटीएस ने देवबंद से दो बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। दोनों अपनी पहचान छुपाकर रह रहे थे। उन्होंने भारतीय दस्तावेज तैयार करा लिए थे। उसके जरिए भारत की नागरिकता भी प्राप्त कर ली थी। दोनों ने 2022 में भोपाल में गिरफ्तार हुए शहादत हुसैन की पत्नी समा परवीन को पैसा भी उपलब्ध कराया था। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं। वह अवैध रूप से बार्डर पार करके देवबंद में आए थे। यहां छुपकर रह रहे थे। हबीबुल्लाह ने अपना भारतीय पासपोर्ट बनवाने के लिए भारतीय दस्तावेजों के आधार पर आवेदन कर रखा है। अहमदुल्लाह उर्फ अब्दुल अक्ल से जेल में बंद बांग्लादेशी अभियुक्त शहादत हुसैन के संबंध में पूछने पर बताया कि वो शहादत हुसैन को बहुत अच्छी तरह से जानता है। जो बांग्लादेश का रहने वाला है। अवैध तरीके से भारत में रह रहा था। शहादत हुसैन के भाई की ओर से बांग्लादेश से रूपए भेजे गए थे। जिसे अहमदुल्लाह ने शहादत हुसैन की पत्नी समा परवीन को दे दिए थे।

### भाकियू अंबावता की मेरठ कमिश्नरी में महापंचायत

मेरठ। मेरठ में भारतीय किसान यूनियन अंबावता की महापंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता के नेतृत्व में मेरठ कमिश्नरी में हुई। जिसमें मेरठ मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को अपनी मांगे पूरी करने के लिए 1 महीने का समय दिया है। यदि मांगे नहीं मानी तो किसान अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर महापंचायत का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य मांग किसान आयोग का गठन, संपूर्ण किसानों की कर्जा मुक्ति, किसानों का बिजली बिल माफ, किसानों के फर्जी मुकदमे वापस लेने, कावड़ व बिजली दुर्घटना में मारे गए व्यक्तियों को मुआवजा देने, बाढ़ से फसल को हुए नुकसान का मुआवजा देने, बुढ़ापा पेंशन, पांच हजार टोनिका सिटी एवं यूपीएसआईडीसी किसानों का समझौता लागू करने की मांग शामिल है। गौतमबुद्ध नगर में किसानों के 10 परसेंट भूखंड सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर महापंचायत का आयोजन किया गया। इस संबंध में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विकास प्रधान ने कहा कि महापंचायत में एडिशनल कमिश्नर महेंद्र प्रसाद को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है।

### ग्राम प्रधान समेत 4 घरों पर चला बुल्डोजर

देवरिया। देवरिया जिले में हाई कोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर प्रधान समेत 4 लोगों का पक्का मकान गिरा दिया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के करौंदी गांव में रामबहादुर यादव ने प्रधान समेत चार लोगों पर गांव की खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान बनवा लेने के खिलाफ हाईकोर्ट में मुकदमा किया था। प्रशासन की सख्ती से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मचा है। सदर विकास खंड अंतर्गत करौंदी गांव निवासी राम बहादुर यादव ने 2018 में हाईकोर्ट प्रयागराज में गांव की खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान निर्माण कराए जाने के विरूद्ध कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा किया था। हाई कोर्ट के निर्देश के क्रम में दोपहर में सदर एसडीएम योगेश कुमार गोड़ सहित अन्य राजस्व और पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अवैध कब्जा ध्वस्त करा दिया गया। अतिक्रमण करने वालों में गांव के प्रधान रमाशंकर यादव, रमाकांत, राम हरि और रामजी यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में दोपहर को सदर एसडीएम योगेश कुमार गोड़ सहित अन्य राजस्व टीम और पुलिस फोर्स की मौजूदगी में लगभग 3 घंटे तक करौंदी गांव में प्रधान समेत चार लोगों के पक्के मकान पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कराया गया। थानाध्यक्ष खुखुन्दू इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में प्रधान समेत चार लोगों का अवैध कब्जा ध्वस्त कराया गया है।

### बलिया में सरयू नदी में दो बच्चे डूबे

**बलिया।** बलिया में बुधवार शाम को घाघरा (सरयू) नदी में नहाते समय दो बच्चे डूब गए। जानकारी पर परिजन व पुलिस पहुंची। दोनों बच्चों को काफी देर तक गोताखोरों ने तलाश किया, लेकिन कहीं भी उनका पता नहीं चल सका। नदी में बाढ़ आने से बच्चों को खोजने में परेशानी हो रही है। अभी भी बच्चों का कुछ पता नहीं चल पाया है। ये पूरा मामला बांसडीह कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानपुर गांव का है। टोलापर मोहल्ला निवासी महंथ यादव का बेटा विकास यादव (11) और विश्वकर्मा राजभर का बेटा रवि राजभर (10) घर से साइकिल लेकर नदी में स्नान करने गये थे। बताया जा रहा है कि देर शाम दोनों बच्चे स्नान करने के लिए नदी में कूद पड़े। वहां स्नान कर रहे अन्य बालकों के अनुसार, गहरे पानी में जाने के चले दोनों डूबने लगे। इसके बाद आस पास के लोगों को सूचना दी। मौके पर पुलिस भी पहुंची। जानकारी होने पर परिजन भी पहुंच गए। साइकिल व कपड़े से उन्होंने पहचान कर ली, कि नदी में डूबे बच्चे वही दोनों हैं। गोताखोरों ने बच्चों को खोजने की बहुत कोशिश की, लेकिन उनका कहीं पर भी पता नहीं चल सका। मौके पर एसडीएम राजेश गुप्ता ने एनडीआरएफ की टीम को सूचना दिया।

# छह वर्ष में उत्तर प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए : योगी

## सीएम योगी ने कहा- भ्रष्ट और बेईमान लोग छह वर्ष पहले तक उत्तर प्रदेश को खोखला बनाने में जुटे थे



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ऐसे ही पिछड़ा नहीं था। जगह-जगह बेईमान और भ्रष्ट लोगों को नमूनों के रूप में बैठा दिया गया था, जो पूरे उत्तर प्रदेश को खोखला बनाने में लगे हुए थे। भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। जातिवाद, भ्रष्टाचार और भेदभाव विकास के सबसे बड़े बाधक हैं। उन्होंने कहा कि विगत छह वर्ष में उत्तर प्रदेश के अंदर साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं। नीति आयोग के आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की ओर बढ़ चुका है। यह एक सामूहिक प्रयास से संभव हो पाया है।

सीएम योगी ने गुरुवार को मिशन रोजगार के तहत लोकभवन में आयोजित निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित कुल 700 नव नियुक्त अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छह वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट था। युवाओं को अपने आपको उत्तर प्रदेश का बताने में शर्म आती थी। हमारी सरकार में स्थितियां बदली हैं। आज का युवा गर्व से खुद को उत्तर प्रदेश का नागरिक बताता है।

यूपी विकास की प्रक्रिया के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा है। गरीब कल्याण की योजनाएं पूरे प्रदेश के अंदर प्रभावी ढंग से लागू हुई हैं। उत्तर प्रदेश की जनता को सरकार से जो अपेक्षाएं थी, उस पर हम खरे उतर रहे हैं। यह तब संभव हो पाया जब शासन, प्रशासन और हर कार्मिक ने मिलकर प्रयास किया।

सीएम योगी ने कहा कि आयुर्वेद घोटाले के बाद आयुष विभाग में बरसों से पद लंबित पड़े थे। पूरी प्रक्रिया बाधित हो गई थी। आज 422 आयुष चिकित्सा अधिकारियों की यहां नियुक्ति हो रही है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं कि उन्होंने आयुष को एक नई पहचान दी है। अब आपका दायित्व बनता है कि हेल्थ और वेलनेस सेंटर को गति प्रदान करते हुए आयुष विभाग के कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने नव नियुक्त अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आपकी सेवा का कालखंड 30-35 वर्ष है।

# किसानों के लिए सौगात बनेगी सीएम खेत सुरक्षा योजना

लखनऊ। योगी-2.0 के लिहाज से मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना प्रदेश के किसानों के लिए सौगात बन सकती है। योजना की उपयोगिता के मद्देनजर ही सरकार अब इसे सिर्फ बुंदेलखंड में नहीं, पूरे प्रदेश में एक साथ लागू करेगी। इसीलिए योजना के बाबत प्रस्तावित बजट 75 करोड़ से बढ़ाकर 350 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

### क्या है योजना की खासियत

मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना किसान के खेत की फसल को पशुओं से बचाने के लिए सोलर फेंसिंग की योजना है। इसके तहत लगाई जाने वाली सोलर फेंसिंग की बाड़ में मात्र 12 बोल्ट का करंट प्रवाहित होगा। इससे सिर्फ पशुओं को झटका लगेगा। कोई क्षति नहीं होगी।

हल्के करंट के साथ सायरन की आवाज भी होगी। इससे छुट्टा या जंगली जानवर मसलन नीलगाय, बंदर, सुअर आदि खेत मे खड़ी फसल को क्षति नहीं पहुंचा सकेंगे। इसके लिए सरकार लघु-सीमांत किसानों को प्रति हेक्टेयर लागत 60 फीसद या 1.43 लाख रुपये का अनुदान भी देगी। कृषि विभाग इस योजना का ड्राफ्ट तैयार कर चुका है। शीघ्र ही इसे कैबिनेट में भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद अब इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

### गोचर भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए भी चल रहा अभियान

पशु खेत में खड़ी फसल का नुकसान तब अधिक करते हैं जब उनको पास में कुछ खाने को नहीं मिलता। गोचर भूमि इसके लिए जरूरी है। गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग 11 जुलाई से अभियान चल रहा है। यह अभियान 25 अगस्त तक चलेगा।

उल्लेखनीय है कि छुट्टा पशुओं की यह समस्या कमोबेश पूरे प्रदेश में एक जैसी है। विपक्ष समय-समय पर इस समस्या को लेकर तंज कसता रहता है। पार्टी के जनप्रतिनिधियों को भी फील्ड में इस बाबत सुनना पड़ता है।

# मुरादाबाद में सड़क हादसे में चार की मौत

एजेंसी




**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के मैनाठेर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को ट्रैक्टर ट्राली और मिनी ट्रक की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि संभल मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में संभल से मुरादाबाद की ओर आ रहे मिनी ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डीसीएम गाड़ी के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त डीसीएम में फंसे छह लोगों को घायलावस्था में बामुश्किल बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। चिकित्सकों ने इनमें से चार को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायलों में चालक समेत दो लोग उपचाराधीन हैं।

मैनाठेर थाना पुलिस द्वारा मृतकों की पहचान कराए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बस्ती मे सड़क निर्माण में घपला करने वाले दो इंजीनियर बर्खास्त

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में सड़क निर्माण में 40 करोड़ रूपये से अधिक का घपला किये जाने के आरोप में लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के दो अभियंताओं को बर्खास्त कर दिया गया है जबकि 12 से अधिक अवर अभियंताओं को भी दोषी ठहराया गया है। आधिकारिक सूत्रो ने गुरूवार को बताया कि पीडब्लूडी के दो अभियंता विनय राम और अरविन्द आर्या 200 से अधिक सड़कों के निर्माण में 40 करोड़ से अधिक रूपये के घपले के मामले मे दोषी पाये गये है। इस कारण दोनो अभियंताओं को तत्काल बर्खास्त कर दिया गया है। वर्ष 2017-18 मे सड़क निर्माण के मामले मे 40 करोड़ रूपये से अधिक के घपले का मामला सामने आया था जिसे शासन की बिना अनुमति के ही धनराशि खर्च दिखा दिया गया था।

# पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर तिलहर विधान सभा के पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा के निगोही में बने शोरूम और दुकानों के बाहर अवैध चबूतरे और ग्रिल को वृहस्पतिवार को प्रशासन ने बुलडोजर और हथौड़े चलाकर तोड़ दिया।

पूर्व विधायक ने मौजूदा भाजपा महिला विधायक सलोना कुशवाहा पर बदले की भावना से कार्रवाई कराने का आरोप लगाया है।

तिलहर विधानसभा के पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा का थाना निगोही क्षेत्र में स्टेट हाइवे पर पतराजपुर में एक बड़ा शोरूम हैं। शोरूम के बाहर 21 दुकानों के बाहर तीन मीटर का चबूतरा और उसके ऊपर लोहे की ग्रिल लगाई गई थी। प्रशासन ने हाईवे किनारे अवैध निर्माण पर कार्यवाही करते हुए शोरूम के बाहर लगाई गई अवैध लोहे की ग्रिल को तुड़वा दिया। पूर्व विधायक ने बताया कि मौजूदा भाजपा महिला विधायक सलोना कुशवाहा बदले की भावना से उनके खिलाफ कार्रवाई करा रही है। लोकतंत्र और संविधान की खुली हत्या की जा रही है।

प्रशासन को कोर्ट का स्टे दिखाने के बाद भी उनके द्वारा कराए गए निर्माण को तोड़ दिया गया। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने मौजूदा भाजपा विधायक पर आरोप लगाते हुए बताया कि सलोना कुशवाहा विधायक बनने के बाद से लगातार बदले की भावना से उनके परिवार और कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज करा कर जेल भेज रही है। एनएचएआई के अधिशासी अभियंता शंशाक भार्गव ने कार्यवाही के दौरान बताया कि ये रोड फॉर लाइन बनने के लिए शासन से मंजूर हो चुकी है। हाईवे किनारे अवैध कब्जों को चिन्हित कर निशान लगा दिया गया था। कब्जा करने वालों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके है। उसके बाद कार्रवाई के लिए एक तारीख तय की गई थी। इसलिए आज कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को तुड़वाकर खाली कराया जा रहा है।

# बस्ती में ट्रैक्टर चालक की पीट-पीटकर हत्या

एजेंसी




बस्ती। बस्ती के दुबौलिया थाना क्षेत्र के जीवपुर गांव में घर में घुसे 30 वर्षीय ट्रैक्टर चालक की हाथ पैर बांधकर पिटाई की गई। उसे इतना मारा पीटा गया कि उसने दम तोड़ दिया। उसका शव घर के अंदर साड़ी में बंधा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पति-पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार दुबौलिया थाना क्षेत्र के खुशहालगंज के पुरवा विशुनदासपुर निवासी विजय यादव गांव के एक व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था। बगल के गांव जीवापुर के पास उसकी खेती है। जहां उसने गन्ने की बुआई कर रखी है। मृतक की पत्नी सुनीता का कहना है कि बुधवार रात करीब आठ बजे वह गन्ने के खेत में सिंचाई करने के लिए मोटर लगाने की बात कहकर घर से निकले थे। गुरुवार को उसे सूचना मिली कि जीवापुर गांव निवासी विनोद सिंह और उसकी पत्नी रमा देवी ने हाथ-पैर बांधकर उसे पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद वह गांव के लोगों के साथ वहां पहुंची तो विनोद सिंह के घर में उसके पति का शव मिला।

मृतक की पत्नी ने बताया कि विजय के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल की जांच पड़ताल की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्यवाही की।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, सीओ विनय चौहान ने भी मौके का निरीक्षण कर गांव के लोगों से पूछताछ की। मामले में मृतक की पत्नी सुनीता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विनोद सिंह और उसकी पत्नी रमा देवी के विरुद्ध बंधक बनाने एवं हत्या की धारा के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

### राम रहीम को फिर मिली 30 दिन की पैरोल

**बागपत।** गुरमीत राम रहीम को एक बार फिर 30 दिन का पैरोल मिली है। इस बार भी राम रहीम बागपत के बरनावा आश्रम में रहेगा। पैरोल मिलने का समाचार जब उसके अनुयायियों को मिला तो अनुयायियों का आश्रम पहुंचना शुरू हो गया है। देर शाम किसी भी समय राम रहीम बरनावा के आश्रम पहुंचेगा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती भी आश्रम पर है। रोहतक की सुनारिया जेल में दुष्कर्म के आरोप में सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम को सातवीं बार पैरोल मिला है। जिनमें से 3 बार पैरोल बागपत के बरनावा आश्रम में रहकर पूरे किए।

# इटावा में 35 लाख के गांजा के साथ 2 गिरफ्तार

**इटावा।** इटावा पुलिस ने दो अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1.74 क्विंटल गांजा जिसको अनुमानित कीमत 35 लाख रुपये बताई जा रही है। वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एसओजी, फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस को सफलता मिली है।

बता दे बीती रात थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बड़ी मात्रा में तस्करी कर ले जाया जा रहा गांजा पकड़ा है। इसी के साथ दो गांजा तस्कर कुलदीप सिंह पुत्र रनवीर सिंह निवासी ग्राम भडीरा थाना गोंडा जनपद अलीगढ़, नितेश कुमार पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अस्तावन थाना कुमेर जनपद भरतपुर, राजस्थान भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। बताया जा रहा है आरोपी उड़ीसा से गांजा लाकर आगरा, मैनपुरी समेत कई जिलों में इसका व्यापार कर रहे थे। एसएसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया है कि फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर कानपुर की तरफ से आगरा की ओर जा रही टाटा डीसीएम को रोककर चैक किया गया तो वाहन से बोरियो मे भरा हुआ गांजा बरामद किया गया है।

# जैन मुनि की हत्या के विरोध में निकाला जुलूस

## सीबीआई से जांच कराने की मांग

- जैन मुनि आचार्य कामकुमार नंदी की हत्या के बाद से देश भर के जैन समाज में गुस्से की लहर
- लगभग 5000 की संख्या में जैन समाज आगरा जिला मुख्यालय पहुंचा और ज्ञापन सौंपा

आगरा। आगरा में जैन मुनि आचार्य काम कुमार नंदी महाराज की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया गया। घटना से पूरे देश में जैन समाज में आक्रोश है।

गुरुवार को आगरा एमडी जैन इंटर कॉलेज से आगरा जिला मुख्यालय तक हाथों में काला रिबन बांध कर शांतिपूर्वक मार्च किया गया। इस दौरान आगरा शहर को बंद करने का भी आवाहन किया गया।

सभी जैन समाज ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। लगभग 5000 की संख्या में जैन समाज आगरा जिला मुख्यालय पहुंचा और ज्ञापन सौंपा। पूरे मामले की जांच सीबीआई करे और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दे।

जैन मुनि आचार्य कामकुमार नंदी की हत्या के बाद से देश भर के जैन समाज में गुस्से की लहर है। जगह-जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। मार्च निकाले जा रहे हैं। आगरा में भी आज जैन समाज ने विरोध दर्ज किया।

आगरा दिगंबर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश कुमार जैन ने कहा कि कर्नाटक की घटना के बाद से जैन समाज आहत है।

निर्मम तरीके से साधु संतों की हत्या की। जैन समाज अहिंसा में यकीन रखता है। सरकार को चाहिए कि साधु-संतों की हिफाजत करे। मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

आज हम शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च निकाल रहे हैं। जिसमें 5000 से अधिक जैन समाज के लोगों ने हिस्सा लिया है।

# मिर्जापुर में व्यवसायी की दुकान में हमला, तोड़फोड़

## 10 गिरफ्तार, 3 थानों की पुलिस के साथ सीओ ने की कार्रवाई



मिर्जापुर। मिर्जापुर की अदलहाट थाना क्षेत्र के टीचर कालोनी में दो दर्जन से अधिक मनबढ़ों ने कबाड़ की दुकान पर धावा बोलकर मारपीट के साथ ही तोड़फोड़ की। बुधवार की शाम घायलों का इलाज स्थानीय चिकित्सालय में कराया गया। पीड़ित ने वारदात की जानकारी पुलिस को दी। घटना की गम्भीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे सीओ चुनार उमाशंकर सिह ने तीन थाना की पुलिस के साथ ग्राम शाहपुर से रात में ही दस आरोपियों को गिरफ्तार किया। गोल बनाकर हमला करने वाले मनबढ़ो के खिलाफ लोग रात में ही जुटने लगे थे। हिंदू वाहिनी के नेता और समर्थक पुलिस चौकी नरायनपुर में जुट गये थे टीचर कॉलोनी स्थित कबाड़ व्यवसायी राजेश गुप्ता उर्फ गप्पू की दुकान पर बुधवार की शाम शाहपुर गांव के दो युवा साइकिल बेचने आये थे। दुकानदार ने मामला संदिग्ध लगने पर साइकिल खरीदने से मना कर दिया। दोनों के जाने के बाद उसके साथ आए शाहपुर गांव के दो दर्जन से अधिक लोगों ने कबाड़ की दुकान पर धावा बोल दिया। चेम्बर का शीशा, काउंटर का कैश बाक्स व नया लैपटॉप को तोड़ दिया। इसके साथ ही मारपीट करने लगे। मौके पर मौजूद व्यापारी के पुत्र विजय गुप्ता व अजय गुप्ता तथा कर्मचारी सोनू प्रजापति, विवेक को भी घायल कर दिया।

हमले की जानकारी मिलते ही सीओ चुनार उमाशंकर सिह मौके पर पहुंच गए। रात में ही चुनार थाना इंस्पेक्टर, जमालपुर थाना इंस्पेक्टर, अदलहाट थाना इंस्पेक्टर व पूरी पुलिस टीम के साथ शाहपुर गांव जाकर घरों से दस आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कारवाई में लगी है। एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि एक ही गांव के 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में छानबीन की जा रही है।

### मेरठ में सड़क हादसे में महिला की मौत

मेरठ। मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव, हापुड़ बाईपास के पास एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। बस की टक्कर से बाइक पर सवार मां की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार बेटा और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला बस के पहिए के नीचे आ गई और महिला की मौके पर ही मौत हो गई बस चालक बस छोड़ मौके से फरार हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल मैं उपचार हेतु भेजा व शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया वहीं पुलिस ने बस कब्जे में ली है। बृहस्पतिवार की सुबह करीब 11: 00 बजे बसगरी पत्नी कलवा उम्र 45 वर्ष निवासी पीपली खेड़ा अपने भतीजे जाहिद पुत्र यासीन उम्र 24 वर्ष व बेटे अफजाल पुत्र कलवा उम्र 19 वर्ष के साथ मेरठ मोटरसाइकिल से दवाई लेने जा रही थी।

### कार से ढाई लाख उड़ा ले गए बदमाश

पीलीभीत। पीलीभीत में चौकी से चंद कदमों की दूरी पर मोटरसाइकिल सवार तीन युवक कार में रखे ढाई लाख रुपए लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। चौकी से चंद कदमों की दूरी पर हुई वारदात के बाद अब पुलिस महकमे में हड़कंप है। मामला पीलीभीत के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली आसाम चौकी का बताया जा रहा है। जहां हापुड़ जिले के रहने वाले ठेकेदार गौरव सीताराम अपने ड्राइवर धर्मेंद्र और जल निगम के असिस्टेंट इंजीनियर अशोक कुमार के साथ माधोटांडा कस्बे से जहानाबाद की तरफ जा रहे थे। इस दौरान आसाम चौकी के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने कार के बोनट पर लुब्रिकेंट ऑयल डालकर कार से लुब्रिकेंट निकलने की बात कही।

## शार्ट न्यूज

### वित्तीय समावेशन योजनाओं की समीक्षा

**नयी दिल्ली।** वित्तीय समावेशन से जुड़ी जनसुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), अटल पेंशन योजना (एपीवाई), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) और स्टैंड अप इंडिया के तहत हुई प्रगति की आज यहां समीक्षा की गयी। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव डॉ. विवेक जोशी ने यहां सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें नाबार्ड के अध्यक्ष भी उपस्थित थे। डॉ. जोशी ने पीएसबी से चालू वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय समावेश की विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित लक्ष्यों को जल्द से जल्द हासिल करने का आग्रह किया। उन्होंने बैंकों के साथ चालू वित्त वर्ष में 31 जुलाई तक देश की सभी ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा अभियान के तहत चल रही पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई योजनाओं के प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए चर्चा की। इसके अलावा, डॉ. जोशी ने बैंकों के प्रमुखों को नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने और अभियान की पूर्णता से जुड़े लक्ष्यों की उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देते हुए डिजिटल लेनदेन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) पर भी चर्चा हुई।

### वेदांता से डील तोड़ने के बाद फॉक्सकॉन ने शुरू की नई तैयारी

नई दिल्ली। कर्नाटक और तमिलनाडु के आर्थिक परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में फॉक्सकॉन के सीईओ ब्रांड चेंग ने सोमवार कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश योजना पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। मुलाकात के दौरान फॉक्सकॉन इंडस्ट्रियल इंटरनेट (एफआईआई) की ओर से राज्य की अर्थव्यवस्था में 8,800 करोड़ रुपये के निवेश पर चर्चा की गई। स्टालिन के अलावा, तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा भी राज्य में आईफोन निर्माता की निवेश योजनाओं पर चर्चा करने के लिए बैठक में मौजूद थे। कर्नाटक कर्नाट सीएम के साथ बातचीत में भी फॉक्सकॉन इंडस्ट्रियल इंटरनेट (एफआईआई) की 8,800 करोड़ रुपये की निवेश योजना पर चर्चा की गई। इस पर्याप्त निवेश से प्रौद्योगिकी क्षेत्र को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलने और स्थानीय कार्यबल के लिए 14,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। राज्य के वाणिज्य और उद्योग मंत्री, एमबी पाटिल ने आगामी निवेश के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया, राज्य के लिए इसके संभावित लाभों पर प्रकाश डाला।

### विश्व बैंक अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, घरेलू खपत बचाएगी भारत को मंदी से

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने बुधवार को कहा कि अगले साल के शुरू में वैश्विक सुस्ती के जोखिम के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था को उसकी घरेलू खपत से स्वाभाविक मदद मिलने की उम्मीद है। बंगा ने भारत के अपने पहले दौरे के दौरान यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, 'विश्व अर्थव्यवस्था का परिदृश्य अनुमान से बेहतर है लेकिन अगले साल की शुरुआत में मंदी के संदर्भ में सुस्ती का जोखिम है। लेकिन भारत का जीडीपी का बड़ा हिस्सा घरेलू मांग पर आधारित है। ऐसे में अगर विश्व अर्थव्यवस्था में सुस्ती आती भी है तो भारत को स्वाभाविक रूप से मदद मिलेगी।' वैश्विक ऋण देने वाली संस्था के प्रमुख और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे म्यूनिसिपल को ऋण मुहैया करवाने, लॉजिस्टिक्स, पानी के पुनर्चक्रीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा के ग्रिड आदि में वैश्विक बैंक की मदद के लिए चर्चा की। यह भी विचार-विमर्श किया गया कि कैसे विश्व बैंक और भारत जी-20 के एजेंडे में बेहतर समन्वय के लिए कार्य कर सकते हैं। विश्व बैंक के पोर्टफोलियो के सबसे बड़े बाजारों में से भारत एक है।

### शक्कर में मांग, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन-दाल में गिरावट, चावल यथावत

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर मजबूत बनी बताई गई। खाद्य तेल मजबूती लिए रहे। तिलहनों में उठाव रहा। दलहन नरम बोले गए। तुअर 200 रुपये सस्ती हुई। दाल में गिरावट दर्ज की गई। आज मूंग, तुअर, उड़द की दाल में 100 से 300 रुपये घटे। अनाज में पूछपरख सामान्य रही। शक्कर में मांग रही। शक्कर में 04 गाड़ी आवक हुई। हल्दी में खरीदी ? से भाव ऊंचे बने रहे। साबूदाना तथा खोपरा गोला में उठाव रहा। खाद्य तेल मांग से भाव तेजी लिए बताए गए। सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। तिलहनों में उठाव बना रहा। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में तुअर घटकर बिकी। दालों में खरीदी सुस्ती से भाव मंदे बोले गए। आज मूंग, तुअर, उड़द दाल में 100 से 300 रुपये कम हुए। चावल में उठाव सामान्य बना रहा। खोपरा गोला 115 से 130 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 1900 से 3300 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 210 से 220 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6700 से 7300, पैकिंग में 7600 से 7800 रुपये प्रति क्विंटल।। सरसों निमाड़ी 6200 से 6300, सोयाबीन 4700 से 4900 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1880 से 1900, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 940 से 945, साल्वेंट 890 से 895, पाम तेल 925 से 930 रुपये प्रति 10 किलो।

### रिलायंस का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस अलग हुआ

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड यानी RIL का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस जियो फाइनेंशियल सर्विसेज 20 जुलाई को अपनी मूल कंपनी से अलग हो गया। डीमर्जर के बाद प्राइस डिस्कवरी मैकेनिज्म के तहत जियो फाइनेंशियल के शेयर का भाव 261.85 रुपए तय हुआ। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का भाव तय करने के लिए आज एक घंटे के लिए RIL के शेयर के लिए स्पेशल ट्रेडिंग सेशन रखा गया था। सुबह 9 बजे से 10 बजे तक रखे गए इस सेशन में ऑर्डर लगाया जा सकता था। इसे मॉडिफाई और कैंसिल भी कर सकते थे। रिलायंस के शेयर पर सबसे ज्यादा ऑर्डर जिस रेट पर आए उस हिसाब से जियो फाइनेंशियल का रेट तय हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज NSE पर सुबह 10 बजे 2,580 रुपए प्रति शेयर पर सेटल हुआ, जो कल 2,841.85 प्रति शेयर पर था। इसी हिसाब से जियो फाइनेंशियल का रेट तय हुआ है। 2,841.85 रुपए में से 2,580 घटाने पर होता है 261.85 रुपए। डीमर्जर के बाद रिलायंस के शेयर 1.50 प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 2620 रुपए के करीब ट्रेड कर रहे हैं। जियो फाइनेंशियल को आज प्रमुख इंडेक्स में शामिल किया गया है, लेकिन लिस्टिंग तक इस शेयर में ट्रेडिंग नहीं होगी। अगले दो से तीन महीने में इस शेयर की लिस्टिंग हो सकती है।

### नेटफ्लिक्स ने पासवर्ड शेयरिंग पर रोक लगाई

नई दिल्ली। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने भारत में आज (20 जुलाई) से पासवर्ड शेयरिंग पर रोक लगा दी है। अब नेटफ्लिक्स यूजर्स अपने दोस्तों के साथ अपने अकाउंट का पासवर्ड शेयर नहीं कर सकेंगे। हालांकि, यूजर्स अभी भी अपने परिवार के सदस्यों के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म का पासवर्ड शेयर कर सकते हैं। कंपनी ने बताया कि उसने आज से ऐसे मौजूदा यूजर्स को मेल भेजना शुरू किया है, जो पहले से दूसरों के साथ पासवर्ड शेयर कर रहे हैं। इससे पहले कंपनी ने मई महीने में ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, आस्ट्रिया, सिंगापुर, मैक्सिको सहित 100 से अधिक देशों में पासवर्ड शेयरिंग पर रोक लगा दी थी। इससे पहले नेटफ्लिक्स के प्रोडक्ट इनोवेशन डायरेक्ट चेंगई लॉन्ग ने कहा था कि उनके मेंबर्स नेटफ्लिक्स की फिल्म और टीवी शो को बहुत ज्यादा पसंद करते हैं। इतना ज्यादा कि वे उन्हें ज्यादा से ज्यादा सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। लेकिन, दोस्तों के बीच अकाउंट शेयरिंग के चलते ज्यादा मेंबर्स नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन नहीं लेते हैं। इससे यूजर्स नहीं बढ़ते और कंपनी को घाटा होता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नेटफ्लिक्स यूजर्स के डिवाइस के आईपी एड्रेस, डिवाइस आईडी और अकाउंट एक्टीविटी के जरिए पता लगाता है कि उसके अकाउंट का पासवर्ड शेयर किया गया है या नहीं।

# 169 निजी संस्थाएं यूपी के युवाओं को देंगी स्टार्ट-अप का प्रशिक्षण

## योगी सरकार के प्रयासों का असर, युवाओं के रुझान को देखते हुए प्रदान किया जाएगा स्टार्टअप प्रशिक्षण

लखनऊ। देश भर के निजी संस्थानों से उत्तर प्रदेश में निवेश के साथ ही स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू कर यूपी में स्किल्ड मैनपावर तैयार करने की अपील कर चुके सीएम योगी के प्रयासों का अब असर भी दिखने लगा है। देश के 169 छोटे निजी संस्थान जल्द ही स्टार्ट-अप प्रशिक्षण नीति, 2023 के अंतर्गत प्रदेश के युवाओं के स्किल को निखारकर उन्हें स्टार्ट-अप के प्रति तैयार करेंगे। राज्य कार्यकारिणी समिति से अनुमोदन मिलने के बाद ये निजी संस्थाएं इसी वर्ष सितंबर से प्रदेश में अपने केंद्रों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण देना शुरू कर देंगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार निजी क्षेत्र में कार्यरत अधिक से अधिक संस्थाओं की उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन में सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। स्टार्टअप के प्रति युवाओं के रुझान को देखते हुए सरकार ने स्टार्ट-अप प्रशिक्षण नीति, 2023 को स्वीकृत किया है। सब प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को स्टार्टअप से जोड़ने की पहल की जा रही है।

### 233 संस्थाओं ने किया था आवेदन

स्टार्ट-अप प्रशिक्षण नीति, 2023 के अंतर्गत ऐसी समस्त निजी क्षेत्र की संस्थाओं को अवसर प्रदान किया गया है, जो कौशल प्रशिक्षण से इतर कार्य भी कर रही हैं। इसके तहत जनवरी 2023 में एक विशेष आरएफई को प्रकाशित किया गया था जिसके प्रतिउत्तर में कुल 233 संस्थाओं ने स्टार्ट-अप प्रशिक्षण प्रदाता के रुप में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया था। प्रथम चरण में प्राप्त समस्त 233 आवेदनों के परीक्षण के बाद पाया गया है कि 169 आवेदक संस्थाएं स्टार्ट-अप प्रशिक्षण नीति, आरएफई-2023 के प्राविधानों के अंतर्गत आबद्ध/सूचीबद्ध किए जाने योग्य हैं। इसके अतिरिक्त 12 आवेदक संस्थाओं के आवेदन में कुछ कमियां पायी गई है, जिनके निराकरण के लिए उन्हे एक अवसर प्रदान किया गया है। 52 आवदेक संस्थाओं के आवेदनों को मानकों की पूर्ति नहीं किए जाने के कारण निरस्तीकरण की श्रेणी में अंकित किया गया है। वहीं शेष 169 संस्थाओं के आवेदनों को आगामी राज्य कार्यकारिणी समिति में अनुमोदन प्रदान किए जाने के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसके बाद इन संस्थाओं से एमओयू हस्ताक्षरित किया जाएगा। संस्थाओं को अगस्त, 2023 में प्रशिक्षण संबंधी लक्ष्य आवंटित किए जाएंगे तथा उनके द्वारा सितंबर, 2023 के अंत तक युवाओं को पंजीकृत कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रारंभ किया जाएगा।

### औद्योगिक मांग के अनुरूप होगी प्रशिक्षण की गुणवत्ता

उत्तर प्रदेश कौशल विकास के मिशन निदेशक आन्द्रा वामसी ने बताया कि स्टार्ट-अप प्रशिक्षण नीति, आरएफई-2023 के अंतर्गत आबद्ध होने वाली संस्थाओं द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता औद्योगिक मांग के अनुरूप होगी, जिसका लाभ यह होगा कि प्रशिक्षित युवाओं को अधिकाधिक सेवायोजन के अवसर मिलेंगे। उन्होने बताया कि स्टार्ट-अप प्रशिक्षण नीति के अंतर्गत संचालित किए जाने वाले समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम एनसीवीईटी से अनुमोदित हैं।

आरएफई-2023 के द्वितीय चरण के अंतर्गत प्राप्त हुए आवेदनों के परीक्षण का कार्य गतिमान है तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा 01 अगस्त, 2023 तक समस्त योग्य आवेदक संस्थाओं की सूची को प्रकाशित किए जाने का लक्ष्य है।

### प्रत्येक सेंटर में 250 छात्रों को मिलेगा प्रशिक्षण

उन्होंने बताया कि कौशल विकास मिशन के तहत हम फ्लेक्सी कॉर्पोरेट पार्टनर्स के तौर पर बड़ी निजी संस्थाओं को जोड़कर अपने आईटीआई या अन्य केंद्रों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम कराते हैं। लेकिन यूंकि ये स्टार्ट-अप को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम है, इसलिए यहां छोटे निजी संस्थानों को आमंत्रित किया गया था। जो व्यवस्था बनाई गई है, उसके तहत यह स्टार्ट-अप ट्रेनिंग पार्टनर कौशल विकास केंद्र या आईटीआई नहीं, बल्कि अपने खुद के सेंटर खोलकर युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। एमओयू होने के बाद इस प्रक्रिया के 20 अगस्त से शुरू होने की संभावना है।

हर संस्थान के माध्यम से कम से कम 250 छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इंडस्ट्री की डिमांड के अनुरूप यहां कोर्स संचालित किए जाएंगे, जिनकी अवधि 3 से 6 माह या इससे अधिक हो सकते हैं।

# 22 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी बरकरार

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज से जियो फाइनेंशियल के डिमर्जर से आईटीसी, मारुति, एसबीआई और रिलायंस समेत 22 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज फिर रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 474.46 अंक की उड़ान भरकर 67,571.90 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 146 अंक की तेजी लेकर 19,979.15 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.05 प्रतिशत की बढ़कर 29,623.67 अंक और स्मॉलकैप 0.19 प्रतिशत की तेजी लेकर 34,101.53 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3512 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1748 में लिवाली जबकि 1632 में बिकवाली हुई वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां हरे जबकि शेष 12 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में 12 समूहों में तेजी रही। इस दौरान ऊर्जा 0.57, एफएमसीजी 1.45, वित्तीय सेवाएं 0.90, हेल्थकेयर 1.05, दूरसंचार 0.18, यूटिलिटीज 0.26, ऑटो 0.33, बैंकिंग 1.40, धातु 0.35 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत चढ़ गए। एफडी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.64 और जर्मनी के डैक्स में 0.20 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं, जापान का निक्केई 1.23, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.92 प्रतिशत और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.13 प्रतिशत की गिरावट रही। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में आईटीसी 2.78, आईसीआईसीआई बैंक 2.24, मारुति 1.74, एसबीआई 1.43, एक्सिस बैंक 1.31, रिलायंस 1.19, टाटा स्टील 0.39, एचडीएफसी बैंक 0.22, एनटीपीसी 0.21, टाटा मोटर्स 0.18 और बजाज फाइनेंस 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इन्फोसिस 1.73, अल्ट्रा सिमको 1.21, एचसीएल टेक 1.09, बजाज फिनसर्व 0.55, टाइटन 0.27, टीसीएस 0.25, एलटी 0.18 और विप्रो ने 0.11 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

### संजय राउत के करीबी सुजीत पाटकर समेत दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत के मित्र कारोबारी सुजीत पाटकर और एक अन्य व्यक्ति को यहां जंबो कोविड-19 उपचार केंद्र स्थापित करने में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी के अधिकारियों ने पहले बताया था कि पाटकर और उनके तीन सहयोगियों ने महामारी के दौरान शहर में कोविड-19 फील्ड अस्पतालों के प्रबंधन के लिए फर्जी तरीके से मुंबई नगर निकाय के ठेके हासिल किए थे। एक अधिकारी ने बताया कि मामले में पाटकर और डॉक्टर किशोर बिसुरे की कथित संलिप्तता सामने आने के बाद ईडी ने उन्हें बुधवार रात गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि बिसुरे दहिसर जंबो कोविड-19 केंद्र के डीन थे। उन्होंने बताया कि दोनों को आगे दिन में एक अदालत में पेश किया जाएगा।

# पीएम स्वनिधि स्कीम की प्रगति की समीक्षा

नयी दिल्ली। रेहड़ी पटरी और छोटे छोटे कारोबारियों को वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गयी पीएम स्वनिधि स्कीम के क्षेत्र में हुयी प्रगति की आज यहां समीक्षा की गयी। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव डॉ विवेक जोशी ने यहां सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों के साथ पीएम स्वनिधि सहित वित्तीय समावेशन योजनाओं पर एक समीक्षा बैठक कर इसमें हुयी प्रगति की जानकारी दी। इस बैठक के दौरान पीएम स्वनिधि स्कीम की प्रगति और निष्पादन की समीक्षा की गई।

डॉ. जोशी ने बैंकों से आवेदनों की मंजूरी/वितरण के लंबित मामलों को शीघ्रता से निपटाने की अपील की। उन्होंने बैंकों से स्ट्रीट वेंडरों को डिजिटल प्रणाली में शामिल करने और उनके डिजिटल भुगतान को बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार करने तथा प्रयासों में तेजी लाने का आग्रह किया।

पीएम स्वनिधि स्कीम निम्न-लागत ऋण तक निर्बाध पहुंच और उनके आर्थिक विकास के लिए उन्हें डिजिटल रूप से शामिल करने के माध्यम से स्ट्रीट वेंडरों के सशक्तिकरण की परिकल्पना करती है।

यह स्कीम रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण सहायता प्रदान करने में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। देश भर में इसके प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आवास और शहरी कार्य मंत्रालय और डीएफएस द्वारा संयुक्त रूप से स्कीम के निष्पादन की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। 19 जुलाई, 2023 तक, 53.41 लाख आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जबकि 50.52 लाख आवेदको को 6,472 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये गये।

# एमेजॉन पर 22 जुलाई से द ब्यूटी सेल का दूसरा संस्करण

नयी दिल्ली। ऑनलाइन मार्केटप्लेस एमेज़ॉन डॉटइन पर 22 से 26 जुलाई तक 'द ब्यूटी सेल' के दूसरे संस्करण की घोषणा की गयी है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 'द ब्यूटी सेल' लॉरियाल प्रोफेशनल और बायोटीक के साथ गठबंधन में मेबेलीन द्वारा पॉवर्ड होगी। शॉपिंग के इस महोत्सव में 250 से ज्यादा अग्रणी ब्रांड के मेकअप, स्किनकेयर और लग्ज़री ब्यूटी ब्रांड 8,000 से ज्यादा डील लेकर आ रहे हैं। इस सेल में ग्राहकों के पसंदीदा ब्रांड्स जैसे मेबेलीन, सुगर कॉस्मेटिक्स, बायोटीक, लॉरियाल प्रोफेशनल, आरएएस लग्ज़री ऑयल्स एंड मिनिमलिस्ट के साथ अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड जैसे बाथ एंड बॉडी वर्क्स, कॉसआरएक्स, द बॉडी शॉप, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, कामा आयुर्वेदा, ल'ऑक्सीटेन, लेनीज़, ह्यूगो बॉस एवं वर्सेस आदि उपलब्ध होंगे। इस बार एमेजॉन ने ग्लोबल ब्यूटी स्टोर लेकर आया है जो इस साल मई में लॉन्च किया गया था। यहाँ पर ग्राहकों को दुनिया के हर कोने के आधुनिक फॉर्मुलेशंस के उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला मिलती है।

# ए सी ई एस व्यावसायिक वाहन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण : वाघ

नयी दिल्ली। वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने आज कहा कि ऑटोनॉमस, कनेक्टेड, इलेक्ट्रिक और शेयर्ड मोबिलिटी (एसीईएस) ने व्यावसायिक वाहनों के लिए भी महत्व हासिल कर लिया है और वाहन विशेषज्ञ एसीईएस को ध्यान में रखते हुए अपनी उत्पाद रणनीतियां तैयार कर रहे हैं। सीआईआई इंडियन कमर्शियल व्हीकल कॉन्क्लेव का दूसरा संस्करण आज गुरुग्राम में आयोजित किया गया जहां प्रमुख व्यवसायी वाहन (सीवी) क्षेत्र को आकार देने वाले परिवर्तनकारी रुझानों पर विचार विमर्श किया गया। वाध ने कहा कि एसीईएस क्लाइमेट चेंज और डिजिटलाइजेशन भारतीय कमर्शियल वाहन क्षेत्र में एक बड़ा रूझान है।



यात्री वाहन की तरह ही एसीईएस वाणिज्यिक वाहनों के लिए भी महत्व हासिल कर लिया है।

सीआईआई उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष और ल्यूमैक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध दीपक जैन ने कहा कि मेक इन इंडिया, एनईएमएमपी, बीएस-6 उत्सर्जन मानदंड और वाहन स्क्रैपेज पॉलिसी सहित भारत सरकार द्वारा की गई पहल ने सामूहिक रूप से देश में व्यावसायिक वाहनों के विनिर्माण, बिक्री और उपयोग को प्रोत्साहित किया है।

आनंद ग्रुप की कार्यकारी अध्यक्ष एवं सीआईआई हरियाणा की अध्यक्ष अंजलि सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र विश्व स्तर पर बड़े पैमाने पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और भारत इसका अपवाद नहीं है। परिवर्तन पूरे उद्योग में व्यापक है और इसका अधिकांश हिस्सा इंडस्ट्री 4.0 और संपूर्ण वैल्यू चेंज के निरंतर डिजिटलाइजेशन द्वारा संचालित किया जा रहा है। एसआईएएम के अध्यक्ष एवं वी ई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ विनोद अग्रवाल ने भारतीय कमर्शियल वाहन क्षेत्र द्वारा इंटरनेशनल सस्टेनेबिल्टी स्टेंटर्ड को तेजी से अपनाने की सराहना की। इसमें वैकल्पिक ईंधन का उपयोग, सुरक्षा मानकों पर अधिक ध्यान और ड्राइवर की सुविधा और वाहन कनेक्टिविटी के संदर्भ में आधुनिकीकरण शामिल है।

वाल्वोलिन कमिंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध संदीप कालिया ने सुझाव दिया कि भारी-भरकम लंबी दूरी के वाहनों के लिए बैटरी की तुलना में हाइड्रोजन एक बेहतर विकल्प है।

# पुनर्विकास के बाद धारावी 'अत्याधुनिक व विश्वस्तरीय शहर' बनेगा : अदाणी

एजेंसी

नई दिल्ली। गौतम अदाणी ने मुंबई स्थित धारावी के पुनर्विकास के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया है। उन्होंने कहा है कि पुनर्विकास के बाद धारावी 21वीं सदी का आधुनिक और अत्याधुनिक शहर बनेगा। एक आलेख में अदाणी समूह के मुखिया ने 1970 के दशक के अंत में धारावी के साथ अनुभवों के बारे में भी बताया है। उन्होंने लिखा है कि उस दौरान वे धारावी में भारत की संस्कृतियों और भाषाओं के जीवंत मिश्रण से प्रभावित हो गए थे। बता दें कि नवंबर 2022 में अदाणी प्रॉपर्टीज ने धारावी के पुनर्विकास से जुड़ी परियोजना की बोली हासिल की थी। अदाणी ने अपने आलेख में बताया है कि कैसे यह परियोजना अपने पैमाने और जटिलता के कारण अद्वितीय है। उन्होंने लिखा कि इस योजना में लगभग दस लाख लोगों को फिर से बसाना और धारावी के विभिन्न व्यवसायों का पुनर्वास शामिल होगा।



अपने आलेख में उन्होंने लिखा, पूर्व हैवीवेट विश्व बॉक्सिंग चैंपियन माइक टायसन एक समय अपने जीवनकाल में भारत के दो स्थानों पर जाने के लिए विशेष तौर पर इच्छुक थे। एक ताजमहल और दूसरा धारावी। दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती के तौर पर पहचान रखने वाली धारावी से मेरा पहला वास्ता 70 के दशक के अंत में तब पड़ा जब देश के तमाम युवाओं की तरह मैंने भी जीवन में कुछ कर गुजरने का सपना लिए मुंबई में कदम रखा। यह सपना हीरों के कारोबार में कुछ बड़ा कर दिखाने का था। आपाधापी के उस दौर में ही मेरा वास्ता धारावी से भी पड़ा। एक ऐसा रहवासी इलाका जहां इंसानों की भीड़ घोर अमानवीय और प्रतिकूल परिस्थितियों में रहते हुए अपने आपको और अपने सपनों को जिंदा रखने के लिए लगातार संघर्षरत रहती है।

### जिंसों में टिकाव

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों जबरदस्त तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 139 रिंगिट उबालकर 3990 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.39 सेंट की तेजी के साथ 61.83 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

# चीन से अधिक 6.4 फीसदी रहेगी भारत की विकास दर

**नई दिल्ली।** भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष में चीन से अधिक रहेगी। इस अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.4 फीसदी की दर से बढ़ेगी, जबकि चीन की जीडीपी की वृद्धि दर 5 फीसदी रह सकती है। 2024-25 में भारत और चीन की वृद्धि दर क्रमश 6.7 फीसदी एवं 4.5 फीसदी रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 फीसदी पर कायम रखते हुए कहा, ग्रामीण व शहरी उपभोक्ता मांग में सुधार, उपभोक्ता भरोसा, शहरी बेरोजगारी और मोटरबाइक की बिक्री के आंकड़ों की वजह से उसने वृद्धि दर के अनुमान को बरकरार रखा है। वैश्विक सुस्ती से निर्यात घटने की स्थिति में यह अनुमान प्रभावित हो सकता है। एडीबी के मुताबिक, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के 2023-24 में 4.8 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। 2024-25 में वृद्धि दर 4.8 फीसदी से घटकर 4.7 फीसदी रह जाएगी। एडीबी ने कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा महंगाई के अनुमान को मामूली घटाकर 4.9 फीसदी कर दिया है। अप्रैल में उसने महंगाई 5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। खुदरा महंगाई 2022 में ज्यादातर समय 6 फीसदी से ऊपर रही थी। जून, 2023 में यह घटकर 4.81 फीसदी रह गई।

### प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल निवेश पहली छमाही में 23 फीसदी घटकर 27.5 अरब डॉलर पर

घरेलू इकाइयों में प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल कोषों का निवेश इस साल पहली छमाही (जनवरी-जून) में सालाना आधार पर करीब एक चौथाई घटकर 27.5 अरब डॉलर रहा। उद्योग के लिये जनसंपर्क का काम करने वाली इंडियन वेंचर एंड अल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन और परामर्श कंपनी ईवाई की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। हालांकि, मूल्य के हिसाब से बीते वर्ष जुलाई-दिसंबर के मुकाबले निवेश 33 फीसदी अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 की पहली छमाही में 35.9 अरब डॉलर का निवेश हुआ था। वहीं दूसरी छमाही में निवेश मूल्य घटकर 20.6 अरब डॉलर रहा।

# भारत में 5,000 अरब येन का निवेश करने का इच्छुक है जापान : सिंधिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्टील मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि जापान स्टील सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत में करीब 5,000 अरब येन का निवेश करने का इच्छुक है। स्टील मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्री निशिमुरा यासुतोशी के नेतृत्व में एक जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद यह बात कही।

बैठक में हुई चर्चा पर सवाल किए जाने पर सिंधिया ने कहा, 'हमने व्यापक मुद्दों पर चर्चा कीज्.उन रणनीतियों पर जिनपर हम भविष्य में काम कर सकते हैं, सर्वोत्तम प्रक्रियाओं, नई प्रौद्योगिकियों पर विचार साझा किएज्अगले कुछ वर्षों में न केवल स्टील क्षेत्र में बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी भारत में जापानी निवेश 5,000 अरब येन के करीब होगा।' उन्होंने कहा कि बैठक सार्थक रही। यह कई ऐसे क्षेत्र और मंच प्रदान करेगा जहां भारत तथा जापान स्टील क्षेत्र के संदर्भ में मिलकर काम करेंगे। मंत्री ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने भारत में स्टील क्षेत्र में जबर्दस्त विकास की संभावनाओं पर चर्चा की, जिसे 2030 तक बढ़कार 30 करोड़ टन (एमटी) क्षमता तक ले जाना है। वर्तमान में यह 16 करोड़ टन है। स्टील मंत्रालय ने एक अन्य बयान में कहा कि बैठक में स्टील क्षेत्र में सहयोग और कॉर्बन उत्सर्जन में कमी लाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई।

नई दिल्ली
शुक्रवार 21 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### गोवा चैलेंजर्स ने रोका टेबल टॉपर यू मुंबा का विजय रथ, हरमीत और रीथ का शानदार प्रदर्शन

पुणे। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई और रीथ रिशिया टी के शानदार प्रदर्शन के दम पर गोवा चैलेंजर्स ने यू मुंबा टीटी को 9-6 से हराकर उसका विजय रथ रोक दिया। अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 4 में बुधवार को गोवा को मिली शानदार जीत के साथ ही यू मुंबा के अजेय रहने का सिलसिला खत्म हो गया। चेन्नई में जन्मी रीथ ने लिली झांग को 2-1 (6-11, 11-6, 11-9) से हराया, वहीं हरमीत ने मानव ठक्कर को 2-1 (10-11, 11-7, 11-8) से हराकर गोवा को यादगार जीत दिलाई। रीथ को लिली के खिलाफ पहले गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने आश्चर्यजनक वापसी की। रीथ ने सटीक बैकहैंड के साथ अपनी तेज मूवमेंट का इस्तेमाल किया। तीसरे गेम में दोनों पैडलर्स के बीच रोमांचक जंग देखने को मिली। हालांकि, अंत में रीथ ने इसे जीतकर अपनी टीम के लिए टाई जीत ली। इससे पहले, हरमीत को मानव के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। यू मुंबा टीटी के इस पैडलर ने मैच की धमाकेदार शुरुआत की और गेम प्वाइंट के जरिए पहला गेम अपने नाम कर लिया। हरमीत ने दूसरे गेम में वापसी की और फिर अगला गेम भी जीतकर अपनी फ्रेंचाइजी को काफी अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया।

### सात्विक-चिराग कोरिया ओपन क्वार्टरफाइनल में

योसू। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी कोरिया ओपन 2023 में गुरुवार को चीन के झोउ हाडोंग और हे जिटिंग को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी। विश्व रैंकिंग की नंबर तीन जोड़ी सात्विक-चिराग ने 43 मिनट चले प्री-क्वार्टरफाइनल में 16वीं रैंक वाले चीनी युगल को 21-17, 21-15 से मात दी। यह हाडोंग-जिटिंग के खिलाफ सात्विक-चिराग की तीसरी जीत है। क्वार्टरफाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से होगा। चीनी युगल ने पहले गेम में सात्विक-चिराग के लिये कड़ी चुनौती पेश की और ब्रेक के समय उन्हें सिर्फ 11-10 से ही आगे होने दिया। हाडोंग-जिटिंग ने एक समय पर 13-12 की बढ़त भी बना ली, लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार दो पॉइंट स्कोर किये और अपने चीनी प्रतिद्वंदियों को इसके बाद वापसी का मौका नहीं दिया। पहले गेम की तुलना में दूसरा गेम सात्विक-चिराग के लिये अधिक आसान रहा। चीनी जोड़ी ने लगातार पॉइंट स्कोर किये लेकिन कभी सात्विक-चिराग पर दबाव नहीं बना सकी और 21-15 से दूसरा गेम हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। इस बीच, भारतीय पुरुष युगल खिलाड़ी एचएस प्रणय और प्रियांशु राजावत अपने-अपने मुकाबले हारकर दूसरे ही चरण में कोरिया ओपन 2023 से बाहर हो गये।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शहबाज शरीफ बरी

**लाहौर।** पाकिस्तान में लाहौर की एक अदालत ने गुरुवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके पुत्र हमजा शहबाज की सात अरब रुपये के धन शोधन मामले में बरी कर दिया। जियो न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अदालत ने प्रधानमंत्री को हमज़ा, नुसरत शहबाज़ (पत्नी), जवेरिया अली (पुत्री), मुहम्मद उस्मान, मसरूर अनवर, शोएब क़मर, कासिम कय्यूम, राशिद करामत, अली अहमद और निसार अहमद सहित सभी सह-आरोपियों के साथ बरी कर दिया। अदालत ने प्रधानमंत्री शहबाज की पुत्री राबिया इमरान के लिए स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया, जिसे मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) आरोपियों के खिलाफ जब कोई सबूत पेश करने में नाकाम रहे, तब उन आरोपियों ने खुद को बरी करने की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की। एनएबी जांचकर्ताओं ने भी पुष्टि की कि कोई सबूत नहीं मिला। इस महीने की शुरुआत में अदालत ने इस फैसले की घोषणा की और कहा कि उनके पास आरोपियों को बरी करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है, क्योंकि एनएबी ने कहा है कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है।

### संरा खाद्य एवं कृषि संगठन, श्रीलंका में खाद्य सुरक्षा के खतरे से निपटने के लिए मदद करेगा

कोलंबो। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने गुरुवार को कहा कि वह 2021 और 2022 में लगातार दो वर्षों में खराब फसल के कारण खाद्य सुरक्षा के खतरे से निपटने के लिए श्रीलंका के साथ मिलकर कदम उठा रहा है। एफएओ ने एक बयान में कहा कि 2022 में धान के उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत की गिरावट के कारण श्रीलंका का चावल पारिस्थितिकी तंत्र कमजोर है और इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। इस समस्या से निपटने के लिए एफएओ ने राइसयूपी नामक एक अभिनव परियोजना शुरू की है, जिसके हिस्से के रूप में एफएओ और उसके सहयोगी श्रीलंका के चयनित जिलों में एकीकृत पौध पोषक तत्व प्रबंधन (आईपीएनएम) पर कृषि विस्तार अधिकारियों (एईओ) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। एफएओ ने कहा कि यह प्रशिक्षण उन्हें धान के किसानों को मिट्टी प्रबंधन और रासायनिक निर्भरता को कम करते हुए फसल की उपज बढ़ाने के लिए जैविक और रासायनिक उर्वरकों के इष्टतम उपयोग पर मार्गदर्शन करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करेगा।

### रैंकिंग सुधार के बाद विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे पॉट में पहुंचा भारत

ज़्यूरिख। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने फीफा रैंकिंग में 99वां स्थान हासिल करते हुए गुरुवार को फीफा विश्व कप 2026 के क्वालीफायर में जगह बना ली। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, भारतीय टीम 1208.69 अंकों के साथ तालिका में मॉरिशियाना को पछाड़कर 99वें स्थान पर आ गयी है। भारत ने पिछले एक महीने में इंटरकॉन्टिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप के खिताब जीतकर रैंकिंग में सुधार किया। इस सुधार के साथ भारत फीफा रैंकिंग में एशिया की 18वीं टीम होने के नाते विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे पॉट में पहुंच गया। भारतीय टीम दूसरे पॉट में सबसे निचली रैंक वाली टीम होगी और विश्व कप क्वालीफायर में 10 से 17 के बीच रैंक वाली एशियाई टीमों से नहीं भिड़ेगी। इसका प्रभावी रूप से मतलब यह है कि भारत ऐसे ग्रुप में होगा जिसमें दो अन्य टीमें भारत से कम रैंक वाली होंगी। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के फीफा क्वालीफायर का पहला दौर अक्टूबर 2023 में शुरू होगा। पहले चरण के मैच 12 अक्टूबर को और दूसरे चरण के मैच 17 अक्टूबर को निर्धारित हैं।

### भारत में शून्य वैक्सीन खुराक वाले बच्चों की संख्या घटकर 11 लाख हुई

जिनेवा/न्यूयॉर्क। भारत में बच्चों का टीकाकरण करने वाली प्रतिबद्धता, निवेश और लगातार कोशिश के महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त हुए हैं और शून्य खुराक वाले बच्चों की संख्या 2021 में 27 लाख थी जो कि घटकर 2022 में 11 लाख रह गई है। राष्ट्रीय टीकाकरण कवरेज (वुएनिक) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में, लगभग 16 लाख बच्चे जीवन रक्षक टीकाकरण कवरेज के अंतर्गत आए थे। यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्रे ने कहा, नियमित टीकाकरण कवरेज में सुधार होने से भारत में बच्चों को स्वस्थ जीवन प्राप्त हुआ है। यह सरकार के अभियानों और प्रभावी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और टीकाकरण संरचना के लाभ को दर्शाता है, जिसने भारत को 2020-2021 में महामारी से उबरने में मदद मिली है। मैककैफ्रे ने सरकार की प्रतिबद्धता की भी सराहना की, जिसने शून्य खुराक वाले बच्चों को 11 लाख तक कम करके एक महत्वपूर्ण छलांग लगायी है। उन्होंने कहा कि चौथे सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई) और भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में व्यापक और लगातार प्रावधानों ने इस प्रगति को सक्षम बनाया है। मैककैफ्रे ने कहा कि यूनिसेफ कमजोर समुदायों, शहरी गरीबों, प्रवासियों और दुर्गम इलाकों में रहने वाले बच्चों तक पहुंचने वाले सरकार की कोशिशों का समर्थन करता है।

# एशिया कप : भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से

कोलंबो। एकदिवसीय विश्व कप 2023 से ठीक पहले होने वाले एशिया कप 2023 में भारत के अभियान की शुरुआत दो सितंबर को चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ होगी।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने बुधवार को टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा,

मुझे बहुप्रतीक्षित पुरुष एकदिवसीय एशिया कप 2023 के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जो अनेक देशों को जोड़ने वाली एकता और मैत्री का प्रतीक है।

श्रीलंका और पाकिस्तान में संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले टूर्नामेंट का आगाज़ 30 अगस्त को मुल्तान में पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुकाबले से होगा।

बंगलादेश और श्रीलंका 31 अगस्त को केंद्रीय श्रीलंका में स्थित शहर कैंडी में भिड़ेंगे।

भारत अपना पहला मुकाबला पाकिस्तान के विरुद्ध खेलने के बाद चार सितंबर को नेपाल से भिड़ेगा। अगर भारत सुपर-4 के लिये क्वालीफाई करता है तो वह 10 सितंबर को पाकिस्तान से एक बार फिर भिड़ेगा। इसके अलावा भारत सुपर-4 में श्रीलंका, बंगलादेश और



अफगानिस्तान में से किन्हीं दो टीमों का सामना करेगा।

एशिया कप 2023 का फाइनल 17 सितंबर को श्रीलंका के कोलंबो में खेला जायेगा। इसके करीब तीन सप्ताह बाद पांच अक्टूबर को भारतीय सरज़मीन पर विश्व कप की शुरुआत होगी।

उल्लेखनीय है कि एशिया कप 2023 का आयोजन पाकिस्तान में होने वाला था, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पड़ोसी देश में टीम भेजने से मना करने के कारण यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड' प्रारूप में आयोजित हो रहा है।

#### एशिया कप कार्यक्रम

पाकिस्तान बनाम नेपाल (30 अगस्त, मुल्तान)
बंगलादेश बनाम श्रीलंका (31 अगस्त, कैंडी)
भारत बनाम पाकिस्तान (02 सितंबर, कैंडी)
बंगलादेश बनाम अफगानिस्तान (03 सितंबर, लाहौर)
भारत बनाम नेपाल (04 सितंबर, कैंडी)
अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका (05 सितंबर, लाहौर)

#### सुपर चार

ए1 बनाम बी2 (छह सितंबर, लाहौर)
बी1 बनाम बी2 (नौ सितंबर, कोलंबो)
ए1 बनाम ए2 (10 सितंबर, कोलंबो)
ए2 बनाम बी1 (12 सितंबर, कोलंबो)
ए1 बनाम बी1 (14 सितंबर, कोलंबो)
ए2 बनाम बी2 (15 सितंबर, कोलंबो)
फाइनल (17 सितंबर, कोलंबो)

नोट : पाकिस्तान हमेशा ए1 रहेगा, जबकि भारत ए2 रहेगा। अगर इन दोनों में से कोई सुपर-4 में नहीं पहुंच पाता तो नेपाल उसकी जगह लेगा। श्रीलंका हमेशा बी1 रहेगा, जबकि बंगलादेश बी2 रहेगा। अगर इन दोनों में से कोई सुपर-4 में नहीं पहुंच पाता तो अफगानिस्तान उसकी जगह लेगा।

## 246 करोड़ रुपये के विवाद में टाइगर वुड्स को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** टाइगर वुड्स की पूर्व प्रेमिका एरिका हरमन ने उनकी संपत्ति के खिलाफ अपना 30 मिलियन डॉलर का मुकदमा वापस ले लिया है। इरिका ने आरोप लगाया था कि वह वुड्स के साथ रहती थीं, लेकिन बाद में उन्हें घर से गलत तरीके से बेदखल कर दिया गया। अक्तूबर 2022 में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया कि 47 वर्षीय वुड्स के स्वामित्व वाले ट्रस्ट ने मौखिक किरायेदारी समझौते को तोड़कर फ्लोरिडा आवासीय मकान मालिक किरायेदार अधिनियम का उल्लंघन किया। इरिका ने गोल्फर की संपत्ति के खिलाफ मुकदमे में 30 मिलियन डॉलर की मांग की थी। रिकॉर्ड से पता चलता है कि इसे पिछले महीने के अंत में वापस ले लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस मुकदमे को वापस लेते हुए कहा गया एरिका हरमन, अपने वकील के माध्यम से, 26 अक्तूबर, 2022 को दायर की गई शिकायत को बिना किसी पूर्वाग्रह के खारिज करती हैं, हरमन बनाम वुड्स में



अपील का समाधान लंबित है और यह निर्धारित करती हैं कि उनके दावे मध्यस्थता के अधीन नहीं हैं।

हरमन का कहना है कि वह 2015 में टाइगर के साथ रिलेशन में आई थीं, वहीं वुड्स का कहना है कि 2017 में इरिका के साथ उनका रिश्ता शुरु हुआ। हालांकि, यह जोड़ी अक्तूबर 2022 में टूट गई और हरमन ने आरोप लगाया कि धोखा करके उन्हें घर से बेदखल किया गया। इरिका ने दावा किया कि वुड्स की तरफ से उन्हें एक छुट्टी के लिए समान पैक करने के लिए कहा गया और एयरपोर्ट पहुंचने पर पता चला कि उन्हें घर से बाहर निकाल दिया गया है।

## भारतीय हॉकी का पुराना दौर खत्म हो चुका

नयी दिल्ली, । पूर्व लोकसभा सांसद एवं ओलंपियन असलम शेर खान ने जनवरी में हुए हॉकी विश्व कप 2023 में भारत के खराब प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए कहा है कि भारतीय हॉकी का पुराना दौर अब खत्म हो चुका है। उल्लेखनीय है कि ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में खेले गये हॉकी विश्व कप में भारत नौंवे स्थान पर रहा था। श्री खान ने एक बयान में कहा, प्रिय हॉकी प्रेमियों, अत्यंत दुख के साथ मुझे कहना पड़ रहा है कि भारत में हॉकी का दौर खत्म हो चुका है। ऐसा इसी साल जनवरी में ओडिशा के राउरकेला में आयोजित हॉकी विश्व कप में हुआ। उन्होंने कहा, ओडिशा सरकार के 1000 करोड़ खर्च करने के बाद भी भारतीय हॉकी टीम नौवें स्थान पर रही। यह भारत में हॉकी धीमा और दर्दनाक पतन था, जो मेरे अनुसार यह पतन 1976 के मॉन्ट्रियल ओलंपिक में एस्ट्रोटर्फ के उपयोग के साथ शुरू हुई। भारत ने आखिरी ओलंपिक स्वर्ण 1980 में मॉस्को में जीता था, जिसका अमेरिका और यूरोप ने बहिष्कार किया था।

## पाकिस्तान को साल भर बाद मिली टेस्ट जीत

गाले। वामहस्त बल्लेबाज़ सऊद शकील (208 नाबाद) के दोहरे शतक और इमाम उल हक़ (50 नाबाद) के अर्द्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार को पहले टेस्ट में श्रीलंका को चार विकेट से मात दे दी।

श्रीलंका ने पाकिस्तान के सामने 131 रन का लक्ष्य रखा था। मेहमान टीम ने यह लक्ष्य पांचवें दिन छह विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान ने पूरे 365 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में जीत दर्ज की है, जबकि उसकी पिछली टेस्ट जीत 20 जुलाई 2022 को श्रीलंका के विरुद्ध ही आयी थी।

इमाम ने दूसरी पारी में पाकिस्तानी बल्लेबाजी की अगुवाई करते हुए नाबाद 50 रन बनाये। उनकी 84 गेंद की पारी में चार चौके और एक छक्का शामिल रहा।

पाकिस्तान ने चौथे दिन स्कोर को 48/3 से आगे बढ़ाते हुए तेजी से रन बटोरने की कोशिश की। इस प्रयास में कप्तान बाबर आज़म 28 गेंद पर पांच चौकों सहित 24 रन बनाकर आउट हो गये, जबकि पहली पारी में दोहरा शतक ठोकने वाले शकील 38 गेंद पर छह चौकों की सहायता से 30 रन ही




बना सके।

इन दोनों विकेटों के पतन तक हालांकि पाकिस्तान लक्ष्य के करीब पहुंच चुका था। इमाम ने पारी की 84वीं गेंद पर एक रन लेकर अपना पचासा पूरा किया। सरफराज़ अहमद (एक रन) लक्ष्य के बेहद करीब आकर आउट हुए, लेकिन अगली ही गेंद पर आग़ा सलमान ने छक्का जड़कर पाकिस्तान को जीत दिला दी।

इससे पूर्व, श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए धनन्जय डी सिल्वा (122) के शतक की बदौलत पहली पारी में 312 रन बनाये। पाकिस्तान ने हालांकि शकील के दोहरे शतक के दम पर 149 रन की बढ़त हासिल कर ली, जिससे श्रीलंका उभर नहीं सका।

पाकिस्तान और श्रीलंका अब 24 जुलाई से दूसरे टेस्ट में आमने-सामने होंगे।

# विमन्स फीफा वर्ल्ड कप से पहले गोलीबारी

**2 की मौत, नार्वे टीम के होटल के पास हुई फायरिंग; टूर्नामेंट पर असर नहीं**

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में गुरुवार को विमन्स फीफा वर्ल्ड कप शुरू होने से कुछ घंटे पहले गोलीबारी हुई। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई। फायरिंग में पुलिसकर्मी सहित 6 लोग घायल हुए। बीबीसी के मुताबिक, फायरिंग करने वाले व्यक्ति की भी मौत हो गई। पीएम क्रिस हिपकिंस ने कहा कि यह आतंकी हमला नहीं है। उन्होंने कहा- ये राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरे से जुड़ा मामला नहीं है। टूर्नामेंट योजना के अनुसार शुरू होगा। रॉयटर्स के मुताबिक, गोलीबारी उस होटल के पास हुई जहां नॉर्वे के खिलाड़ियों को ठहराया गया है। कई खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर सलामती की जानकारी दी है।

#### शूटिंग के बाद टूर्नामेंट से जुड़ा फैन ईवेंट कैंसिल

फायरिंग के बाद शहर में होने वाले एक फैन ईवेंट को कैंसिल कर दिया गया। इटली की टीम की ट्रेनिंग में देरी हुई,



क्योंकि खिलाड़ियों को कुछ समय तक होटल से बाहर नहीं निकलने के आदेश मिले थे। अमेरिकी दूतावास ने अपने खिलाड़ियों के सकुशल होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा- वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में प्रेसिडेंशियल डेलिगेशन का नेतृत्व करने वाले उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस के पति डगलस एम्हॉफ सभी खिलाड़ियों के साथ सुरक्षित हैं। फीफा ने कहा- हमें पूरे मामले के बारे में बताया गया है। इसका टूर्नामेंट के शेड्यूल पर असर नहीं पड़ेगा। ओपनिंग मैच रात में अपने शेड्यूल के हिसाब से ही शुरू होगा।

#### शूटर के पास थी शॉट गन

रॉयटर्स के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि शूटर के पास पंप एक्शन शॉट गन थी। उन्हें बिल्डिंग में गोली चलने की खबर मिली थी। इसका बाद पुलिस की टीम वहां पहुंची तो शूटर लिफ्ट एरिया में चला गया। इसके बाद आरोपी ने कई गोलियां चलाईं और थोड़ी देर बाद वहां से उसका शव बरामद हुआ। आरोपी की उम्र 24 साल के आसपास बताई जा रही है। फिलहाल बिल्डिंग के कुछ दूर तक इलाके में भारी पुलिसबल तैनात है।

#### 20 अगस्त तक चलेगा टूर्नामेंट, नॉर्वे-न्यूजीलैंड के बीच ओपनिंग मैच

ऑकलैंड में गुरुवार से नौंवां महिला फीफा वर्ल्ड कप शुरू होने वाला है। इसकी मेजबानी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड कर रहे हैं। टूर्नामेंट के लिए शहर में हजारों खिलाड़ी मौजूद हैं। न्यूजीलैंड की महिला फुटबॉल टीम गुरुवार शाम 7 बजे (लोकल समय के मुताबिक) नॉर्वे के खिलाफ शहर के ईडन पार्क में टूर्नामेंट की शुरुआत करेगी।

इस बार कुल 32 टीमें फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रही हैं। इस मेगा इवेंट का खिताबी मुकाबला 20 अगस्त को सिडनी ओलंपिक स्टेडियम में खेला जाएगा। ये पहली बार है जब 2 देश मिलकर महिला फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहे हैं। टूर्नामेंट में कुल 10 स्टेडियम में 64 मैच खेले जाएंगे।

### पासपोर्ट इंडेक्स में पाकिस्तान, नीचे से चौथे नंबर पर

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी पासपोर्ट को इस साल के हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में दुनिया के 199 देशों में 196वां स्थान यानी नीचे से चौथा हासिल हुआ है। यह रैंकिंग, इस आधार पर प्रदान की जाती है कि किसी देश के पासपोर्ट के साथ कितने गंतव्य देशों की यात्रा बिना वीज़ा की जा सकती है। पाकिस्तानी अखबार डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार नवीनतम रैंकिंग में पाकिस्तान का यात्रा दस्तावेज केवल सीरिया, इराक और अफगानिस्तान से ऊपर है। पाकिस्तान का पासपोर्ट 33 देशों में, सीरिया का पासपोर्ट 30 गंतव्यों तक पहुंच देता है, इराक और अफगानिस्तान के यात्रा दस्तावेजों के धारक 29 देशों में बिना पूर्व वीज़ा लिए जा सकते हैं। इस मामले में शीर्ष स्थान सिंगापुर का है, क्योंकि इसका पासपोर्ट वहां के नागरिकों को 192 गंतव्य देशों तक वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। जर्मनी, इटली और स्पेन संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, प्रत्येक पासपोर्ट के साथ 190 गंतव्यों तक पहुंच की अनुमति है। शीर्ष 10 देशों में से अमेरिका की रैंकिंग में पिछले एक दशक में सबसे बड़ी गिरावट देखी गई है, वह दूसरे स्थान से गिरकर आठवें स्थान पर आ गया है।

### जांच में सहयोग नहीं करने पर हो सकती है इमरान की गिरफ्तारी : सनाउल्लाह

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के गृहमंत्री मंत्री राणा सनाउल्लाह ने गुरुवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान यदि सिफर मामले की जांच में सहयोग नहीं करते है तो संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। सनाउल्लाह की यह चेतावनी श्री इमरान के पूर्व प्रधान सचिव द्वारा बुधवार को सामने आए एक कथित कबूलनामे के एक दिन बाद आई है – जिसमें उन्होंने अपने पूर्व प्रमुख पर राजनीतिक लाभ हासिल करने और गोपनीय दस्तावेज़ के पीछे स्थापना-विरोधी नैरेटिव बनाने के लिए अमेरिका में पाकिस्तान के मिशन से एक सिफर का उपयोग करने का आरोप लगाया था। मंत्री सनाउल्लाह ने सोशल मीडिया पर प्रसारित इकबालिया बयान को लेकर बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके दबाव के तुरंत बाद एफआईए ने श्री इमरान को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें सिफर जांच के सिलसिले में 24 जुलाई को इस्लामाबाद में ब्यूरो के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। आंतरिक मंत्री ने एफआईए जांच को लेकर कहा पूर्व प्रधानमंत्री को कानून का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा एफआईए ने सिफर जांच में पूर्व प्रधानमंत्री को तलब किया है। अगर वह पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं करते है तो संभवत~ उन्हें गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। जांच के बाद एफआईए सबूतों के आधार पर इसमें शामिल लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए जाने की सिफारिश करेगी।

# 100 साल के पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री से मिले जिनपिंग

**कहा- चीन कभी पुराने दोस्तों को नहीं भूलता; ड्रैगन ने किसिंजर को लीजेंड्री डिप्लोमैट बताया**

बीजिंग। चीन और अमेरिका के विवाद के बीच 100 साल के पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर ने गुरुवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। हेनरी किसिंजर वही अमेरिकी नेता हैं जिन्होंने 1970 के दशक में चीन से बिगड़ते रिश्तों को संभाला था। हालांकि, अभी अमेरिका ने कहा है कि ये किसिंजर की निजी यात्रा है। वो अमेरिका के प्रतिनिधि के तौर पर नहीं गए हैं।

बीबीसी के मुताबिक उनके रुतबे के चलते ये कहना गलत नहीं होगा कि वो दोनों देशों के बीच रिश्ते बेहतर करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसका



अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि हाल में अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन और क्लाइमेट डिप्लोमैट चीन गए थे, लेकिन शी जिनपिंग ने उनसे मुलाकात नहीं की। जबकि वो किसिंजर से मिले और उनका गेस्ट हाउस में उनका वेलकम भी किया। किसिंजर से मुलाकात के बाद शी ने कहा कि चीन के लोग कभी अपने पुराने दोस्तों को नहीं भूलते। अमेरिका और चीन के रिश्ते हमेशा हेनरी किसिंजर के नाम से याद रखे जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि वो सही रास्ता अपनाकर अमेरिका के साथ रिश्ते सुधारने के लिए तैयार हैं। वहीं, किसिंजर ने कहा कि अमेरिका और चीन के रिश्ते दुनिया की शांति और प्रोग्रेस के लिए अहम हैं। एक प्रेस ब्रीफ में चीन ने किसिंजर को एक लीजेंड्री डिप्लोमैट बताया है। किसिंजर ने चीन के टॉप डिप्लोमैट वांग यी और रक्षा मंत्री ली शांगफू से बुधवार को मुलाकात की थी।

### पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में हुए आत्मघाती हमले में पुलिसकर्मी की मौत, 10 घायल

इस्लामाबाद। पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में गुरुवार को हुए दो आत्मघाती हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, अन्य 10 लोग घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा पुलिस ने आज एक बयान में कहा कि यह घटना प्रांत के खैबर कबायली जिले में हुई, जिसमें एक आत्मघाती हमलावर ने अपने आप को उस समय उड़ा लिया जब थाने के मुख्य द्वार पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने उसे रोका। पुलिस ने कहा कि इस आत्मघाती हमले में घटनास्थल पर ही पुलिसकर्मी की मौत हो गई। जैसे ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची वैसे ही दूसरे आत्मघाती हमलावर ने अपने आप को भी उड़ा लिया, जिसमें 10 अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनमें से कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

### कोलंबिया में विमान दुर्घटना, छह लोगों की मौत

बोगोटा। कोलंबिया के केंद्रीय मेटा विभाग में बुधवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट और कोलंबिया के डेमोक्रेटिक सेंटर पार्टी (डीसीपी) के पांच सदस्यों की मौत हो गई। यह जानकारी कोलंबिया नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने दी। उधर, डीसीपी के मुताबिक पीड़ितों की पहचान पूर्व सीनेटर एवं राजदूत नोहोरा



तोवर और उनके पति एवं मेटा में पार्टी के समन्वयक गुइलेर्मो पेरेज़, डिमास बैरेरो, फेलिप कैरेनो, ऑस्कर रोड्रिग्ज, और पायलट हेलियोडोरो अल्वारेज़ रूप में हुयी है। एजेंसी ने एक बयान में कहा, सेसना टी210एन, (जो एक हवाई शटल के रूप में काम करता था) विल्लाविसेंशियो (मेटा की राजधानी) में हवाई अड्डे से सुबह 7~40 बजे पर उड़ान भरी और आखिरी बार सुबह 7~58 बजे पर हवाई यातायात नियंत्रण से संपर्क हुआ। प्राधिकरण ने कहा कि उसने दुर्घटना के संभावित कारणों का पता लगाने के लिए सबूत इकट्ठा करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम को नियुक्त किया है। कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति एवं पार्टी के संस्थापक अल्वारो उरीबे ने ट्वीट कर इस हादसे पर दुख व्यक्त किया और कहा कि वह जांच की प्रगति पर नजर रख रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### नगवां ब्लॉक में वनाधिकार मान्यता के तहत वितरित किये गए पट्टे-प्रमाणपत्र



**सोनभद्र।** ग्रामीणों को संबोधित करते कहा उप जिलाधिकारी निखिल यादव ने नगवां ब्लाक परिसर में प्रदेश सरकार के निर्णय पर आधृत बात। कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी, वन अधिकारों की मान्यता के दृष्टिगत तहसील सदर के पात्र 115 लाभार्थियों को पट्टे का वितरण आज किया जा रहा है। अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी, वन अधिकारों की मान्यता (अधिनियम 2006 नियम 2008) एवं संसोधन नियम-2012) के अन्तर्गत उनकी जीविका के साधन एवं खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुये उनके कब्जे की वन भूमि पर उन्हें पट्टे का अधिकार प्रदान किया गया है। इस दौरान सह संगठन मंत्री आनन्द जी ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस भूमि की कई वर्षों से ग्रामीण जोताई-बुवाई कर रहे थे लेकिन उस पर उनका लिखा-पढ़ी में कोई अधिकार नहीं था, नतीजतन उन्हें अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता था, अब ग्रामीण जनों को इन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें भौमिक अधिकार प्रमाण-पत्र का वितरण आज किया गया है। इस मौके पर तहसीलदार राबर्ट्सगंज, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे। वनवासियों के बीच पूरी झलक मिली उत्साह सराहना व प्रसन्नता की जो मौजूद लोगों के देखने लायक रही।

### डी एम व एसपी नेतृत्व में एसडीआरएफ की संयुक्त टीम द्वारा बाढ़ से बचाव एवं सहायता के लिए राप्ती नदी के सिसई घाट पर किया गया मॉक ड्रिल

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**बलरामपुर।** जनपद में बाढ़,आपदा के दौरान विषम परिस्थितियों से निपटने हेतु जिलाधिकारी बलरामपुर अरविंद कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के नेतृत्व में राज्य आपदा विमोचन टीम व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बाढ़ से बचाव एवं सहायता के लिए राप्ती नदी के सिसई घाट पर मॉक ड्रिल का आयोजन कर जिले में बाढ़ से बचाव की तैयारियों के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सिंसई घाट बलरामपुर में मॉक ड्रिल कर पानी में फंसे लोगों और पशुओं को मोटर बोट से बाहर निकालने तथा राहत सामग्री पहुंचाने का अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान बचाव दल की टीम को बचाव के दौरान काम करने और सावधानी बरतने की कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करायी गई साथ ही लोगों को जागरुक कर बाढ़ में फंसने पर डेमो देकर लोगों को बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर व स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित बाढ़ के समय तत्पर रहने वाले सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारीग मौजूद रहे।

### मोहर्रम को लेकर थाना सादुल्लानगर परिसर में पीस कमेटी की मीटिंग की गई

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में आगामी त्योहार मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत थाना सादुल्लानगर नगर प्रांगण में उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार व थाना प्रभारी बृजानन्द सिंह द्वारा पीस कमेटी की मींटिग की गयी। जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, मौलाना, मौलवी, ताजियादार, ग्राम प्रधान,एवं ग्राम प्रहरी व अन्य संभ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहे, इस दौरान सभी आयोजकों से शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी तथा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने के लिये युवको को समझाने के लिए कहा गया। अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी गयी एवं किसी भी विषम स्थिति में तत्काल थाने पर सूचना देने के लिए निर्देशित किया गया व उच्चाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त आदेशों- निर्देशो को अवगत कराते हुए उक्त में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी से अपील की गई मींटिग में उपस्थित लोगो द्वारा एक स्वर में सहयोग की बात कही गयी।

### मणिपुर मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में बयान दें मोदी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर की स्थिति तीन मई से लगातार नाजुक बनी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में बयान देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने श्री मोदी के संसद सत्र शुरू होने से पहले आज संसद भवन परिसर में दिए गए बयान पर यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उनका कहना था यह गंभीर मुद्दा है और इसको लेकर मोदी को सदन में बयान देना चाहिए और उसके बाद संसद के दोनों सदनों में इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, आज 1800 घंटे से अधिक समय की असंवेदनशील और क्षमा न किए जाने योग्य चुप्पी के बाद आखिरकार प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर कुल 30 सेकंड तक बात की। उसके बाद उन्होंने मणिपुर में शासन की विफलताओं और मानवीय त्रासदी से ध्यान हटाने का प्रयास किया। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को नजरअंदाज़ करते हुए उन्होंने मणिपुर की घटना को अन्य राज्यों – खासकर विपक्ष द्वारा शासित राज्यों – में महिलाओं के ख़िलाफ़ हुए अपराधों से तुलना करने की कोशिश की। कांग्रेस नेता ने कहा, पहली बात तो प्रधानमंत्री ने मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के मुद्दे को पूरी तरह से नजरअंदाज़ कर दिया। उन्होंने न तो शांति की कोई अपील की और न ही मणिपुर के मुख्यमंत्री से अपना पद छोड़ने के लिए कहा। उन्होंने सिर्फ एक वायरल वीडियो पर टिप्पणी की लेकिन यह तो मणिपुर में हुई बर्बर हिंसा की सैकड़ों घटनाओं का एक मात्र उदाहरण है। दूसरी बात, प्रधानमंत्री ने मणिपुर में सुनियोजित और लगातार जारी हिंसा को अन्य राज्यों में महिलाओं के ख़िलाफ़ अपराध के मामलों के साथ जोड़ने की कोशिश की। कांग्रेस शासित राज्यों में ऐसे अपराधियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ़्तार किया गया है।

# मणिपुर हिंसा की घटना के दृश्य देखकर पूरा देश शर्मसार है : श्रीनिवास बी वी

**प्रधानमंत्री का दिल भारत के लिए नही धड़कता है, और यह दुर्भाग्य है की मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री है : श्रीनिवास बी वी**

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने आज मणिपुर हिंसा को लेके केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि मणिपुर हिंसा से आज देश शर्मिंदा है। मणिपुर में पिछले 2 महीने से इंटरनेट बंद है, सोचिए जिस दिन इंटरनेट चालू होगा, उस दिन न जाने कितनी और रूह कंपा देने वाली तस्वीरें देश को शर्मसार करेंगी। मणिपुर में शांति बहाली की जगह सरकार सच को कुचलने में लगी हुई है।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा कि महिलाओं के साथ घटी इस भयावह हिंसा की घटना की जितनी निंदा की जाए कम है।

खुद को विश्वगुरु बताने वाला व्यक्ति मणिपुर पर तब सिर्फ 36 सेकंड बोला, जब स्ष्ट ने स्वयं संज्ञान लिया। प्रधानमंत्री जी, का दिल भारत के लिए नहीं धड़कता है। इस घटना की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री को लेनी



होगी। देश की महिला विकास मंत्री स्मृति ईरानी जी से भी आज देश की महिलाए जवाब मांग रही है कि क्या हुआ उनकी वो पूर्व की बातो का जब वे विपक्ष में थी, आज मणिपुर की महिलाओं के लिए क्यों नही कुछ कर पा रही है... ?

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह भी कहा कि अभी तक मणिपुर में 150 मौतें हो चुकी हैं और 65 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो चुके हैं। करीब 80 दिनों से मणिपुर में दंगे हो रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी अपने विदेशी दौरे और चुनावी प्रचार में व्यस्त रहे हैं। मणिपुर का जो वीडियो वायरल हुआ है, उस जैसी %सैकड़ों घटनाएं% हुई हैं। यह बात खुद मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह कह रहे हैं, मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी प्रधानमंत्री को दी होगी, प्रधानमंत्री ये सब जानते हुए अमेरिका-फ्रांस घूमते रहे, ये किस कदर की संवेदनहीनता है ? देश के लोग मरे तो मरें, प्रधानमंत्री को कोई फर्क नहीं पड़ता।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने यह मांग कि जल्द से जल्द मणिपुर में शांति बहाली के लिए सरकार सख्त से सख्त कदम उठाए, प्रधानमंत्री मणिपुर की उन महिलाओं से देश भर की महिलाओं से माफी मांगे और शीघ्र अति शीघ्र मणिपुर के सीएम को बर्खास्त करे, अन्यथा देश की जनता उन्हे कभी माफ नहीं करेगी।

भारतीय युवा कांग्रेस के अनेकों कार्यकर्ता आज मणिपुर हिंसा के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन के लिए युवा कांग्रेस कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया, इस दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और दिल्ली प्रभारी कोको पाढ़ी ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं की इज्जत तार-तार हुई है, लेकिन न तो मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया न ही मोदी सरकार ने जिम्मेदारी ली है, यह अत्यंत शर्मनाक है। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव ने कहा कि मणिपुर मामले में डबल इंजन की सरकार ने बेशर्मी की सारी सीमाओं को लांघ दिया है, मणिपुर में शांति के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए हम हिंसा की एकस्वर में निंदा करते है।

इस दौरान आज प्रदर्शन में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और दिल्ली प्रभारी कोको पाढ़ी, राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली सह प्रभारी खुशबू शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मो. शाहिद, परदीप सूर्या, पुनीत सिंह, संगीता सिहाग, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव समेत अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हर घर में यह आवाज उठेगी, बेटियां भी अब आगे बढेंगी : सुधांशु शेखर शर्मा

**कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बांटे गए अनूठे उपहार**




**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन अनुक्रम व जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा की समुपस्थिति में आयोजित हुआ कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम। जिले के रॉबर्ट्सगंज ब्लाक के उरमौरा ग्राम ऑगनवाडी केन्द्र पर बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम रहा नव्य-दिव्य। निकटस्थ व सरहदी इलाकों, आस -पास के के केंद्रों से उपस्थित कुल ग्यारह नवजात बालिकाओं की माताओं को बालिकाओं के लिए प्रत्युपकार -उपहार स्वरूप बेबी किट देकर कन्या जन्म उत्सव घूम धाम से मनाया गया। मौजूद सभी स्वजनों - परिजनों में उल्लास - उमंग की झलक रुपायित रही, जो सबके लिए प्रसन्नता का परिचायक बनी।

जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बेटा-बेटी में किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने की शपथ दिलाते हुए सुधांशु शेखर शर्मा ने पुरानी मान्यताओं को दर किनार करते हुए बालिकाओं के जन्म पर भी खुशी मनाने की बात कही। उनके अनुसार कन्या भ्रूणहत्या व दहेज जैसी कुरीतियों पर अंकुश लगाने के लिए महिलाओं को आगे आने का आह्वान किया और अच्छी परंपराओं की शुरुआत अपने घर से ही करने की बात कही।

उनके अनुसार बेटियों पर देश का भविष्य टिका है और बेटियां ही देश का गौरव होती हैं, जो दो कुल-परिवार को संवारती हैं तथा पढ़-लिखकर परिवार का नाम प्रकीर्णित करती हैं। आगे कहा कि इसलिए उनके साथ किसी भी स्तर पर दुहरा-दोगला व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए।

### मणिपुर में महिलाओं के साथ दरिंदगी होती रही मोदी विदेश दौरों में व्यस्त : आतिशी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से मणिपुर जल रहा है, वहां हिंसा हो रही है, लोगों को मारा जा रहा है, महिलाओं के साथ दरिंदगी हो रही है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास विदेशों का दौरा करने से फुर्सत नहीं है। आप नेता एवं दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि दो महिलाओं के साथ निर्वस्त्र कर जो सुलूक किया गया वह कोई जानवरों के साथ भी न करे लेकिन तब भी भाजपा सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह चुप्पी साधे रहे। प्रधानमंत्री के पास सात देशों का दौरा करने का समय है लेकिन उन्हें मणिपुर जाने का समय क्यों नहीं मिला ? सुश्री आतिशी ने कहा कि मणिपुर से एक वीडियो पूरे देश के सामने आया है। यह वीडियो न सिर्फ दर्दनाक है, वीभत्स है बल्कि दिल दहला देने वाला है। पूरे देश ने देखा कि किस तरह से दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने साझा किया कि मणिपुर की जिन दो महिलाओं का वीडियो सामने आया उसमे से एक महिला ने स्थानीय मीडिया को बताया कि, जब वहां हिंसा हुई, उसके परिवार वालों को मारा गया, उसे बिना कपड़ों के घसीटा गया, उसके साथ हिंसा हुई, बलात्कार हुआ उस दौरान पुलिस वहां मौजूद थी लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। उन्होंने कहा कि मणिपुर में गत तीन मई से लगातार ऐसी हिंसा, मारकाट, लोगों पर गोलियां चलाना, उनका गला काटना, महिलाओं का बलात्कार करना चल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया का दौरा कर रहे है। मणिपुर जल रहा था लेकिन मोदी जी 19 मई को जापान गए। मणिपुर जलता रहा, महिलाओं का बलात्कार होता रहा लेकिन 21 मई की प्रधानमंत्री जी पापुआ न्यू गिनी गए क्योंकि उनके लिए वहां कि समस्या सुलझाना तो मणिपुर से ज्यादा ज़रूरी है।

### ईपीएफओ ने मई में 16.30 लाख अंशधारक जोड़े

नयी दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मौजूदा वर्ष के मई में 16.30 लाख अंशधारक जोड़े हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया 3,673 प्रतिष्ठानों ने महीने के दौरान अपना पहला ईसीआर भेजकर अपने कर्मचारियों को ईपीएफओ का सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाया है। आंकड़ों के अनुसार महीने के दौरान जोड़े गए कुल 8.83 लाख नए सदस्यों में से लगभग 2.21 लाख महिला अंशधारक हैं, जो पहली बार ईपीएफओ में शामिल हुई हैं। सदस्य वृद्धि के मामले में, शीर्ष पांच राज्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा और गुजरात हैं। यह वृद्धि का लगभग 57.85 प्रतिशत है। मंत्रालय ने कहा है कि निजी क्षेत्र में भवन और निर्माण उद्योग, परिधान और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में लगे प्रतिष्ठानों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है।

## मानवाधिकार की रक्षा एवं न्याय पाना हमारा अधिकार : एड0 पवन कुमार सिंह

**सोनभद्र।** भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन की बैठक एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र जायसवाल के आवास पर दिन के आहूत हुई जिसमें मुख्य रुप से मानवाधिकार की रक्षा एवं निशुल्क कानूनी न्याय पाने के विषय पर विशद परिचर्चा की गई। एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक एड0 पवन कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए नि:शुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) के तहत राज्य का यह उत्तरदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करें। उसी के अनुरूप एसोसिएशन समाज के अंतिम व्यक्ति को मानवाधिकार की जानकारी



एवं न्याय के लिए निशुल्क अधिवक्ता पैनल का गठन किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने कहा कि मानवाधिकार वे अधिकार हैं, जो किसी भी व्यक्ति को जन्म के साथ ही मिल जाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो किसी भी व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और प्रतिष्ठा का अधिकार ही मानव अधिकार है। संयुक्त राष्ट्र ने साल 1948 में एक घोषणा-पत्र जारी किया था। इस घोषणा-पत्र में कहा गया था कि मानव के बुनियादी अधिकार किसी भी नस्ल, जाति, धर्म, लिंग, समुदाय और भाषा आदि से भिन्न होते हैं। एसोसिएशन संपूर्ण भारत में निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराता है।

बैठक का संचालन राष्ट्रीय महासचिव एड0 मनीष रंजन ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महिला पुष्पा जायसवाल, अजय राय, सुरेन्द्र जायसवाल, राजेन्द्र यादव, दीपक जायसवाल, दीपनारायण पटेल, नवीन कुमार पांडेय , एड, अनिल कुमार सिंह एड0 मुन्नी देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण दिवस पर अवश्य करें पौधरोपण

सोनभद्र। वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद में पौध रोपण कर ग्राम वन , वन्दन वन, आयुष वन की होगी स्थापना। जनपद में पौध रोपण हेतु पौधों की निकाली जायेगी बारात, ब्रह्मा, विष्णु, महेश के रूप में बालकों को पीपल, पाकड़ एवं बरगद के साथ रथ पर किया जायेगा सवार। जिले के नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त मण्डल मीरजापुर डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देशन में पूरे प्रदेश मे 35 करोड़ पौधरोपण किया जाना है। राज्य में वर्षाकाल प्रारम्भ हे चुका है, यह मौसम पौधरोपण के लिए आदर्श है।

मण्डलायुक्त ने कहा किविगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण में आप सभी के भरपूर उत्साह व उमंग के साथ सहभागिता से पौधरोपण का नया रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर जनपद सोनभद्र में भी वृहद



स्तर पर पौधरोपण किया जाना है। पौधरोपण के इस अभियान में जिन विभाग के अधिकारियों को जो भी लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं, वह उसके अनुरूप गड्ढे की खुदायी की कार्यवाही व पौध रोपण हेतु सभी आवश्यक तैयारियां कल 21 जुलाई को कर लें। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ ही पौधों की सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान दिया जाय जिससे लगाये गये पौधे सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में चारागाह व ग्राम समाज की जमीनों, अमृत सरोवर के किनारे व सड़कों के किनारे वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाय।चारागाह की जमीन पर जो अवैध तरीके से काबिज हैं, उन्हें हटाया जाय और उस स्थान पर भी वृक्षारोपण कराया जाय। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा अब तक पौधों का उठान नहीं किया गया है, वह कल तक अनिवार्य रूप से पौधे का उठान कराना सुनिश्चित करेंगे।

जनपद स्तरीय अधिकारी पौधरोपण हेतु खोदे गये गड्ढे का निरीक्षण करें और पौध रोपण के लिए जिन विभागों को जो भी लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं, उनके अनुरूप वृक्षारोपण कराया जाना सुनिश्चित करें और रोपित किये जाने वाले पौधों की संख्या के आंकड़े गलत तरीके से प्रस्तुत न करें। जिन विभागों को पौधरोपण अभियान से सम्बन्धित कोई समस्या हो तो वह समय रहते उसकी जानकारी उपलब्ध करा दें।

इस मौके पर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त द्वारा जो भी दिशा-निर्देश दिये गये हैं, उसके अनुरूप सभी अधिकारीगण ससमय कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें।

इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी राबर्ट्सगंज ने बताया कि 22 जुलाई को जनपद में पौध रोपण हेतु पौधों की बारात निकाली जायेगी, इस बारात में ब्रह्मा, विष्णु, महेश के रूप में बालकों को पीपल, पाकड़ एवं बरगद के साथ रथ पर सवार किया जायेगा। रामलीला मैदान से आर0एस0एम0 स्कूल तक पौधों की बारात निकाली जायेगी, जिसमें जनप्रतिनिधिगण व सामजसेवी, स्वयंसेवी संस्थाएं, अधिकारीगण प्रतिभाग करेंगें।

## मध्यप्रदेश में पच्चीस आईएएस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (भाप्रसे) के पच्चीस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार आज जारी आदेश के तहत गोपाल कृष्ण तिवारी अपर आयुक्त आदिवासी विकास मध्यप्रदेश भोपाल तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) को अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन जल संसाधन विभाग बनाया गया है। वहीं, अजय श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह को अपर आयुक्त आदिवासी विकास मध्यप्रदेश भोपाल तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) का दायित्व सौपा गया है।

इसी प्रकार रानी वाटड मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंडला को अपर आयुक्त (राजस्व) शहडोल संभाग शहडोल बनाया गया है। अजय देव वर्मा अपर कलेक्टर इंदौर को उज्जैन जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी की जिम्मेदारी सौपी गयी है। जमुना भिडे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रतलाम को अपर आयुक्त (राजस्व) इंदौर संभाग इंदौर बनाया गया है।

इसके अलावा अर्पिता वर्मा अपर कलेक्टर शहडोल को दमोह जिला पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। धार के अपर कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना को संचालक राज्य कम्प्यूटर सिक्यूरिटी इंसीडेंट रिस्पॉस टीम की जिम्मेदारी सौपी गयी है।

बैतूल जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिलाष मिश्रा को इंदौर नगर पालिक निगम का अपर आयुक्त बनाया गया है।

### राघव चड्ढा ने मणिपुर को लेकर भाजपा पर बोला हमला

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने मणिपुर हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए गुरुवार को कहा कि दो महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के वीडियो ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। चड्ढा ने को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल सभी दल मणिपुर हिंसा पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए की बैठक में भाग लेने वाले 38 दलों में से कम से कम 10 दल पूर्वोत्तर से थे या उनकी वहां मौजूदगी थी, लेकिन उनमें से किसी ने भी मणिपुर हिंसा का मुद्दा नहीं उठाया।

## महेश भट्ट के साथ के के मेनन आगामी 25 अगस्त को पुलेला गोपीचंद से कहेंगे लव - ऑल

ऑल इंडिया बैंडमिंटन चैम्पियन पद्मश्री पुलेला गोपीचंद की स्पोर्ट्स जर्नी तो सारी इंडिया को पता है, अब वो फ़िल्म मेकिंग में भी एक स्पोर्ट्स आधारित फिल्म लव-ऑल का हिस्सा बने हैं। भारत की कई भाषाओं में एक साथ बनी फिल्म लव - ऑल आगामी 25 अगस्त को रीलीजिंग के लिए तैयार है । आज इस फ़िल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज़ किया गया है। फ़र्स्ट लुक पोस्टर के अनुसार फ़िल्म लव-ऑल में के के मेनन मुख्य भूमिका में नज़र आएंगे। इस फ़िल्म को सुधांशु शर्मा के प्रोडक्शन हाउस - फ़िल्म आर्ट प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनाया गया है । फ़िल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम अपने अंतिम पड़ाव में है। फ़िल्म लव - ऑल के लेखक , निर्माता व निर्देशक हैं सुधांशु शर्मा। भारतीय सिनेमा जगत में अब तक स्पोर्ट्स को




लेकर दर्जनों सुपरहिट फिल्में बन चुकी हैं जिनमें हॉकी को ध्यान में रखकर बनाई गई चक दे इंडिया, एथलीट्स को ध्यान में रखकर बनाई गई भाग मिल्खा भाग, कुश्ती को ध्यान में रखकर बनाइ गई दंगल, क्रिकेट को ध्यान में रखकर बनाई गई एम एस धोनी , और फिर बॉक्सिंग को ध्यान में रखकर बनाई गई मैरीकॉम सुपरहिट रही हैं। इन फिल्मों ने अपने रीलीजिंग के समय बॉक्स ऑफिस पर सनसनीखेज सफलता हासिल किया था। इनमें से कुछ फिल्मों ने तो कमाई के मामले में ऑल टाईम बॉलीवुड रिकॉर्ड भी स्थापित करके निर्माताओं को मालामाल कर दिया था ।

इसके अलावा पान सिंह तोमर , सायना , साँड़ की आंख , 83 , सुरमा और गोल्ड जैसी स्पोर्ट्स आधारित फिल्में भी बनाई गई थीं। इन फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर आशातीत सफलता हासिल किया था । और अब इन सब बड़ी हिट फिल्मों के बाद स्पोर्ट्स जॉनर से ही रिलेटेड एक पटकथा को ध्यान में रखकर फ़िल्म लव- ऑल बनाई गई है । फ़िल्म को आगामी 25 अगस्त को एम रमेश की लक्ष्मी गणपति फ़िल्म स्टूडियो वर्ल्डवाइड रिलीज़ कर रही है।

उम्मीद है कि यह फ़िल्म भी वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ सफलता हासिल करेगी। महेश भट्ट, पुलेला गोपीचन्द व आनंद पंडित प्रेजेंट्स फ़िल्म लव- ऑल को वर्ल्डवाइड मल्टीलैंग्वेज में एकसाथ ही रिलीज़ किया जाएगा। फ़िल्म को हिंदी, अंग्रेजी, तमिल , तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में एकसाथ रिलीज़ किया जाएगा। फ़िल्म लव - ऑल के सह निर्माता हैं - मनीष सिंघल, दिलीप सोनी जायसवाल, राहुल वी दुबे व संजय सिंह। फ़िल्म के एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं संजीव झा।